www.tamsasanket.com
वर्ष: 30 || अंक 309 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
04 जनवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:51
सूर्यास्त: 05:50
अधिकतम: 23°00
न्यूनतम: 11°00



पेज 07

विशेष समाचार
अमेरिका में भारत... >>पेज 04
यूपी के बीपीएससी टीचर ने ... >>पेज 06
छत पर पतंग उड़ाते नजर...

## अखिलेश यादव का चुनाव आयोग पर निशाना, बोले- फॉर्म-7 के जरिए हो रही धांधली

# ‘पीडीए और मुसलमानों का काटा जा रहा वोट’

‘चुनाव आयोग को अपनी बिल्डिंग पर बीजेपी का झंडा लगा लेना चाहिए’

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सुनियोजित तरीके से बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से नाम काटने की तैयारी है और इसका सीधा निशाना पीडीए तथा खासकर मुस्लिम समाज है।



आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में चल रही एसआईआर को लेकर विपक्ष लगातार नए आरोप लगा रहा है. इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एसआईआर के फॉर्म-7 को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया और सूबे की सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि कागजी फार्मेट नहीं होना चाहिए. कोई एक ऐसा फॉर्म आए, जिसपर नंबरिंग हो और होलोग्राम लगा हो और अबतक के जमा सारे फॉर्म-7 रद्द होने चाहिए. फार्म जमा करने के समय की सीसीटीवी निकाली जाए. जो भी आरोपी पकड़ा जाए, उसके उपर FIR दर्ज करके उसके ऊपर राज्य के खिलाफ साजिश करने और 420 सी का मुकदमा चले।

>> (शेष पेज 06 पर)

“अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि लखनऊ के सरोजनीनगर विधानसभा में सबसे ज्यादा फार्म 7 जमा किए गए हैं. अलग-अलग मामले बताकर यह फार्म जमा किए गए हैं. एक आवेदन के नाम से 100 फार्म भरे गए हैं. अलग-अलग कंडीशन को बताकर यह फार्म जमा किए गए हैं. अब चुनाव आयोग को बीजेपी का झंडा अपनी बिल्डिंग पर लगा लेना चाहिए



### ‘धांधली के लिए पेनड्राइव बीजेपी ने बनाया है’

अखिलेश यादव ने आरोप लगाए हैं कि जानबूझ-कर कर के मुस्लिम मतदाताओं के फार्म 7 जो प्रिंटेड है उसमें धांधली की जा रही है. जो व्यक्ति शिकायकर्ता था उसके पास समाजवादी पार्टी के लोग पहुंचे. वह गरीब है उसको साईन करना नहीं आता है तो फार्म 7 जो भरने के लिए दिया जा रहा उसको कैसे भरेगा. जिस विधानसभा में भाजपा हारी है उसमें वोट काटने का काम हो रहा है. भाजपा जीतने की तैयारी कर रही है. धांधली के लिए पेनड्राइव भाजपा ने बनाया है. मुस्लिम मतदाता और पीडीए के लोगों का नाम काटा जा रहा है. बड़े पैमाने पर मुस्लिम वोट काटे जा रहे हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

- अखिलेश ने भाजपा पर 1.99 करोड़ वोट कटवाने का आरोप लगाया।
- पीडीए और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा।
- चुनाव आयोग से फॉर्म-7 रद्द करने और न्यायिक जांच की मांग।

### फॉर्म-7 जमा करने वालों के सीसीटीवी फुटेज निकाले जाएं

सपा अध्यक्ष ने कहा कि नियम 9.0.1 के तहत यदि कोई मिथ्या कथन कर नाम कटवाने का आवेदन करता है तो उसके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर होनी चाहिए, जिसमें एक साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने मांग की कि फॉर्म-7 जमा करने वालों के सीसीटीवी फुटेज निकाले जाएं, सत्यापन में एआई का सहारा लिया जाए और दोषियों पर 420 सहित राज्य के खिलाफ साजिश का मुकदमा दर्ज हो। अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाताओं को सही वोटर लिस्ट नहीं दिखाई जा रही, पूछने पर पंचायत चुनाव की सूची थमा दी जाती है। >> (शेष पेज 06 पर)



### मुसलमानों के काटे जा रहे हैं वोट

प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग को लिखित शिकायत दी है. फॉर्म 7 के धांधली के सबूतों के बाद हमारी मांग हैं कि डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था हो. ये धांधली पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही है. PDA और मुस्लिम मतदाता का वोट काटा जा रहा है. 400 का बूथ है, लेकिन 300 वोट काट दिए गए हैं. चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर फार्म 7 से PDA वोट काटने का प्लान बना लिया है. कुछ लोगों का कहना है की मुख्यमंत्री कार्यालय में IAS , मंडलायुक्त और DM पर PDA वोटर्स के वोट कटवानो का दबाव बना रहे हैं. BLO के वोट भी काट दिए गए हैं।

**अखिलेश यादव ने कहा कि जहां-जहां भाजपा हार रही है, वहीं टारगेट कर वोट कटवाए जा रहे हैं। उन्होंने कन्नौज, सुल्तानपुर, चंदौली, गोंडा और लखनऊ में गड़बड़ी के ठोस सबूत मिलने का दावा करते हुए कहा कि सरोजनी नगर में ‘दशरथ’ नामक व्यक्ति के हस्ताक्षर से 100 से अधिक फार्म-7 जमा किए गए।**

## लोकसभा में राहुल के भाषण पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

### पेपर उछालने वाले 8 विपक्षी सांसद निलंबित

तमसा संकेत, एजेंसी


राहुल गांधी

नई दिल्ली । लोकसभा में राहुल गांधी की स्पीच पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। आज हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, TMC सांसद शताब्दी रॉय और DMK सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते वेल में पहुंच गए। स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले।

**नरवणे पर आर्टिकल दिखाया, तो स्पीकर ने रोका**

>> (शेष पेज 06 पर)

## यूपी में 32,679 कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तारीख घोषित

### जून में तीन दिन होंगे लिखित एग्जाम

ऐलान

हेमन्त कृष्णा



तमसा संकेत, लखनऊ। यूपी में 32,679 कांस्टेबल भर्ती- 2025 परीक्षा की तारीखों का ऐलान हो गया है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPRPB) के अनुसार, परीक्षा जून 2026 में कराई जाएगी। बोर्ड ने इसका आधिकारिक नोटिस मंगलवार शाम जारी कर दिया है।

नोटिस के मुताबिक, लिखित परीक्षा 8 जून, 9 जून और 10 जून को आयोजित होगी। परीक्षा हर दिन अलग-अलग 2 शिफ्ट में कराई जाएगी। भर्ती बोर्ड ने कहा- उम्मीदवार एडमिट कार्ड, परीक्षा केंद्र और अन्य जरूरी निर्देशों के लिए नियमित रूप से uppbpb.gov.in वेबसाइट चेक करते रहें। परीक्षा से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं केवल आधिकारिक पोर्टल पर ही जारी की जाएंगी। अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की अफवाह या गैर-आधिकारिक जानकारी से बचने की सलाह दी गई है।

**30 जनवरी तक चली आवेदन प्रक्रिया**

>> (शेष पेज 06 पर)

### फास्ट न्यूज

#### अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलिकॉप्टर सप्लाई करेगी

नई दिल्ली । इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है। यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित VVIP हेलिकॉप्टर कांड से जुड़ा था।

गड़बड़ी घटना

#### एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच शुरू

नई दिल्ली। एअर इंडिया ने अपने सभी 787 ड्रीमलाइनर विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की दोबारा जांच कर दी है। यह फैसला लंदन के हीथ्रो से बेंगलुरु विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में गड़बड़ी के बाद लिया गया है। विमान में 200 यात्री सवार थे। एयर इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष उप्पल ने बोइंग 787 के पायलटों को ईमेल भेजकर यह जानकारी दी। फिलहाल एयर इंडिया के बेड़े में 32 बोइंग 787 विमान हैं। सोमवार को एक पायलट ने बोइंग 787 विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच से जुड़ी खराबी की रिपोर्ट दी थी।

#### राहुल-प्रियंका गले में हाथ डालकर संसद पहुंचे

नई दिल्ली । लोकसभा में मंगलवार को भी राहुल गांधी चीनी टैंक घुसपैठ मुद्दे पर भाषण दे रहे थे। इस दौरान कांग्रेस सांसद के यार कहने पर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी भड़क गए। वहीं, विपक्षी सांसदों ने दो बार स्पीकर चेयर की तरफ पेपर उछाले। सदन के बाहर राहुल-प्रियंका गले में हाथ डालकर साथ जाते दिखे।

## ईसी ने 6 पत्रों का जवाब नहीं दिया : ममता बनर्जी

### ममता बनर्जी ने बंगाल हाउस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को इलेक्शन कमिशन पर सवाल उठाया कि चुनाव से ठीक पहले SIR क्यों किया जा रहा है? चार राज्य बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम में चुनाव होने है। SIR तीन राज्यों में हो रहा है, लेकिन भाजपा-शासित असम में नहीं। क्योंकि वह ‘डबल इंजन’ राज्य है। ममता बनर्जी ने घुसपैठियों पर कहा कि ये लोग (BJP) घुसपैठियों की बात करते हैं लेकिन ये तो आपकी जिम्मेदारी है। बॉर्डर की रखवाली केंद्र की जिम्मेदारी है। ऐसे में घुसपैठ के लिए वही जिम्मेदार है। ममता बनर्जी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये बातें कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके पीछे कई लोग बैठे दिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी SIR के पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहतीं तो लाखों लोगों को दिल्ली ला सकती थीं, लेकिन ये लोग पिछले छह-सात दिनों से यहां रुके हुए हैं।

**अभिषेक बनर्जी बोले- मुख्य चुनाव आयुक्त ने पत्र का जवाब नहीं दिया**

>> (शेष पेज 06 पर)

### सुप्रीम कोर्ट बोला- मेटा-वॉट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। CJI सूर्यकांत ने कहा,यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। CJI सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका वॉट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था।


## पिस्तौल दी है, ट्रेनिंग मिली है, एनकाउंटर पर योगी का जवाब

# ‘यूपी पुलिस मारे नहीं तो क्या गोली खाए’

योगी ने कहा- जब अपराधियों, माफियाओं और अराजक तत्वों को समझाया गया तो बड़े-बड़े काम आराम से होने लगे। कही शांति भंग की बात नहीं हुई, अराजकता की बात नहीं हुई, गुंडागर्दी की बात नहीं हुई। दंगा फसाद नहीं है। आज कहीं भी ऐसी स्थिति नहीं है। यूपी निवेश के बेहतरीन मानक स्थापित कर रहा है।

भाषण

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । ‘2012 से 2017 के बीच यूपी में 900 से ज्यादा दंगे हुए। ऐसा कोई शहर नहीं था, जिसने कर्फ्यू का दौर न देखा हो। काई व्यापारी ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। अपराध हावी था। ऐसे वक्त पर मुझे दायित्व सौंपा। हमने तय किया- जीरो टॉलरेंस।’

‘अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए। दोनों काम एक साथ नहीं चल सकते।’

'अगर उस अपराधी के पास गोली चलाने की आजादी है तो हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है।

### 2017 से पहले दंगे होते थे, कंपनियां पलायन कर रही थी

योगी ने कहा- 2017 से पहले दंगे होते थे। अपहरण होते थे। कोई डॉक्टर, व्यापारी, बिजनेसमैन ऐसा नहीं था, जिसने गुंडा टैक्स न दिया हो। युवा पलायन कर रहा था। कंपनियां पलायन कर रही थी। जब सुरक्षा नहीं होगी तो कारोबारी कैसे रुक पाएंगे। पहले जो कंपनियां थीं, वो भी जाने लगी थी। यह सभी की पीड़ा थी। जहां बचपन बीता, उस जमीन को छोड़ना बहुत कष्टदायी होता है। यह हर उस व्यक्ति की पीड़ा है, जिसने उस दौर को देखा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## प्रशंसा : अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान, कहा- उन्होंने दोस्ती का मान रखा

# इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा, ट्रम्प को धन्यवाद

“हम सब जानते हैं कि प्रधानमंत्री ने प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ अपने दोस्ताना रिश्ते और करीबी रिश्तों का फायदा उठाते हुए, अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील फाइनल की है, जो हमारे सभी पड़ोसियों, सभी आस-पास के देशों और हमारे साथ मुकाबला करने वाले सभी देशों की तुलना में भारत को मिली सबसे अच्छी डील है।

- पीयूष गोयल केंद्रीय वाणिज्य मंत्री

तमसा संकेत, एजेंसी


केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार शाम अमेरिका से ट्रेड डील पर बयान जारी किया।

नई दिल्ली । अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा।

उन्होंने कहा कि PM मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने PM मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पाट्र्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% किया

भारत और अमेरिका के बीच सोमवार को बिजनेस डील का ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया था। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया है। ट्रम्प ने अप्रैल में 25% रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) लगाया था और रूस से तेल खरीदने के कारण अगस्त में 25% पेनल्टी का ऐलान किया था। इससे भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया था। अब व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18% ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25% टैरिफ हटा देगा।

## युमनाम खेमचंद सिंह होंगे मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

### भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए

चुनाव

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली/इम्फाल । भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को BJP विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। कल यानी बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। इस दौरान मणिपुर के विधायक दल का नेता चुनने के लिए नियुक्त सेंट्रल ऑब्जर्वर तरुण चुग, संबित पात्रा और मणिपुर के पूर्व सीएम बीरेन सिंह भी मौजूद रहे।

**राष्ट्रपति शासन 12 फरवरी को खत्म हो रहा**

मणिपुर से NDA के करीब 20 विधायक रविवार रात को दिल्ली पहुंचे थे। वहीं अन्य विधायक सोमवार को केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर राजधानी पहुंचे।

>> (शेष पेज 06 पर)

## अजय राय ने चढ़ाई चादर, प्रशासन तोड़फोड़ करना चाहता है, कैंपस से 15 दिन में हटानी होंगी 5 मजार

# 'मजार केजीएमयू से पहले की'

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को केजीएमयू परिसर स्थित दरगाह शाहमीना शाह मजार पर चादर चढ़ाई। चादरपोशी के बाद भाजपा सरकार पर हमला करते हुए मजार को तोड़ने की कार्रवाई को इतिहास और विरासत के खिलाफ साजिश करार दिया। अजय राय ने कहा- यह मजार केजीएमयू की स्थापना से भी पहले से मौजूद है। KGMU ने मजार हटाने का जो नोटिस दिया है। वह गैरकानूनी है।

उन्होंने कहा- सरकार विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को निशाना बना रही है। इतिहास को



लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को केजीएमयू परिसर स्थित मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे।

मिटाने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) स्थित अवैध मजारों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 5 अवैध मजारों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं। मजारों पर इस संबंध में नोटिस चस्पा किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि ये मजारें विश्वविद्यालय परिसर की भूमि पर बिना किसी वैध अनुमति के बनाई गई हैं। परिसर के भीतर के मजार को 7 और बगल स्थित मजार को 15 दिन में खुद हटा लें, वरना प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। KGMU परिसर में मजार हैं। एक मजार KGMU परिसर के बगल में स्थित है। मजारों को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किया गया है। परिसर के अंदर की एक मजार कच्ची है। उसे 7 दिन में हटाने का निर्देश दिया गया है। अन्य मजारों में पक्का निर्माण है। इस वजह से उन्हें हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। अन्यथा प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करेगा। KGMU प्रशासन का कहना है कि विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थान है, जहां नियमों के तहत ही किसी भी प्रकार की संरचना की अनुमति दी जा सकती है। अवैध निर्माण न केवल संस्थान की गरिमा के खिलाफ हैं, बल्कि सुरक्षा और संचालन व्यवस्था को भी प्रभावित करते हैं।

### हर जगह तोड़फोड़ का आरोप

अजय राय ने कहा- मौजूदा सरकार हर जगह सिर्फ तोड़फोड़ की नीति पर काम कर रही है। जब विकास करने की क्षमता नहीं बचती, तब ध्यान भटकाने के लिए ऐसे मुद्दे खड़े किए जाते हैं। कांग्रेस किसी भी कीमत पर लखनऊ की ऐतिहासिक पहचान को तोड़ने नहीं देगी।

### अजय राय बोले- मजार को नोटिस देना गलत

अजय राय ने मजार प्रबंधन को नोटिस दिए जाने की कार्रवाई को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत दोनों के लिए खतरनाक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर ऐतिहासिक स्थलों को लेकर प्रशासनिक दबाव बनाया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।



KGMU प्रशासन ने मजारों पर नोटिस चस्पा किया।

> **कांग्रेस नेता ने कहा- लखनऊ नवाबों की तहज़ीब और विरासत का शहर है। यहां की इमारतें, मजारें और दरगाहें सिर्फ धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शहर के इतिहास का हिस्सा हैं। संभव है कि इन्हीं बुजुर्गों की कृपा और विरासत के चलते इस स्थान पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो सकी और जमीन उपलब्ध हुई।**

## सिर कूचकर युवक की हत्या सड़क किनारे मिला शव

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के मुल्ला खेड़ा गांव के पास मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक मजदूर का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान ग्राम चौरासी निवासी संतराम (40) पुत्र दुलारे रावत के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि ईंट से वार कर हत्या की गई है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह सड़क किनारे शव पड़ा देख ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी। सुबह 8:27 बजे प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल की जांच के दौरान एक ईंट बरामद की गई है, जिसे हत्या में इस्तेमाल किया जाना माना जा रहा है। पुलिस ने मौके को सील कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। फुटेज में मृतक साइकिल से शराब के ठेके की ओर जाता हुआ दिखाई



संतराम, मृतक

**खून से सनी ईंट बरामद साइकिल से जाते समय का सीसीटीवी फुटेज मिला**

दिया है। पुलिस इसी रूट के आधार पर संदिग्धों की तलाश में जुटी है। यह जानने की कोशिश कर रही है कि अंतिम बार वह किसके संपर्क में था। पूछताछ में सामने आया कि संतराम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर फॉरेंसिक और फील्ड यूनिट को बुलाकर भौतिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ में ट्रैक्टर ने 8वीं की छात्रा को रौंदा, मौत

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट इलाके में ट्रैक्टर की टक्कर से 8वीं क्लास की छात्रा की मौत हो गई। छात्र अपने पिता को खाना पहुंचाने गई थी। वहीं से लौटते समय सड़क पार करने के दौरान हादसे का शिकार हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मूल रूप से आजमगढ़ मुखलिशपुर कप्तानगंज निवासी मनोज उपाध्याय अपने परिवार के साथ नौबस्ता कला देवा रोड चिनहट में रहते हैं।

### अज्ञात वाहन ने दिव्यांग को रौंदा

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय कुन्जन गौतम की मौत हो गई। जुनाबगंज तिराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी जान चली गई।

कुन्जन गौतम सोमवार रात करीब 11:30 बजे अपने घर खसरवारा लौट रहे थे। जुनाबगंज तिराहे के पास बनी-मोहन लाल गंज रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक कुन्जन के ऊपर से गाड़ी चढ़ाते हुए मौके से फरार हो गया।

### बलरामपुर अस्पताल का 157वां स्थापना दिवस

लखनऊ। बलरामपुर चिकित्सालय स्वर्णिम इतिहास का साक्षी है। यह चिकित्सालय 157 वर्षों के इतिहास को खुद में समेटे हुए है। यहां अभी का अत्याधुनिक तरीके से उपचार होता है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बलरामपुर चिकित्सालय परिसर में डायलिसिस यूनिट, सोलर पैनल और वार्ड 11 में नवीन लिफ्ट का लोकार्पण भी किया।

## गाय ने बच्ची को उठाकर पटका बचाने आए लोगों को खदेड़ा

### अखिलेश बोले- जनता बुल-बुलडोजर का इलाज करेगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में गाय ने 12 साल की बच्ची को उठाकर पटक दिया। उसके बाद सींगों से मारा। बच्ची को बचाने आए लोगों को भी दौड़ा लिया। घटना में बच्ची काफी चोटिल हो गई। उसका इलाज चल रहा है। अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मामले में पोस्ट करके भाजपा पर तीखा हमला किया। लिखा है- आगामी चुनाव में जनता बुल और बुलडोजर दोनों का इलाज कर देगी। घटना एक फरवरी चौक इलाके के चौपटिया की है।

मंगलवार को इसका CCTV फुटेज सामने आया। इसमें दिख रहा है कि गाय बच्ची को अचानक मारने लगती है। बच्ची उससे बचकर भागने की कोशिश करती है। गाय बच्ची को दौड़ा लेती है। सींगों से पटक देती है। उसके बाद उसे मारती रहती है।

गाय पर बच्ची का हमला देखकर



आसपास 10-12 लोग पहुंच जाते हैं। वे सभी बच्ची को बचाने की कोशिश करते हैं, लेकिन गाय उसे नहीं छोड़ती है। जमीन पर गिरी बच्ची को सींगों से मारती रहती है। काफी मशक्कत के बाद गाय बच्ची को कुछ सेकंड के लिए छोड़ती है। उसके बाद फिर उसे मारने लगती है। बच्ची की पहचान चौपटिया निवासी 12 साल की रिद्धिमा उर्फ चिंकी के रूप में हुई। उसके पिता शैलेंद्र मल्होत्रा ने कहा कि यहां छुट्टा जानवर घूमते रहते हैं। नगर निगम प्रशासन को इन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## 4 जोनल अधिकारियों को फटकारा, 60 पार्षद एब्सेंट, सीवर-पेयजल मुद्दे पर हुआ हंगामा

# मेयर ने 3 एक्सईएन को बैठक से भगाया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में मेयर सुषमा खर्कवाल ने पार्षदों और अधिकारियों के साथ में नगर निगम की बैठक की। इसमें 27 जनवरी को पार्षदों की तरफ से उठाए गए मुद्दों पर अधिकारियों ने जवाब दिया। करीब एक घंटे चली बैठक में शहर के 110 पार्षदों में से सिर्फ 50 ही पहुंचे थे। बैठक में सीवर और जल से संबंधित समस्याओं का कोई हल नहीं निकला। बैठक में 27 जनवरी को सदन की बैठक से बिना मेयर को बताए सदन छोड़ने वाले जोनल अधिकारियों जोन 3 आकाश कुमार, जोन 5 विनीत कुमार सिंह, जोन-7 रामेश्वर प्रसाद और जोन-8 के जोनल अधिकारी



विकास कुमार सिंह को मेयर ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने बैठक में नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन की बैठक से आप लोग बिना बताए क्यों गए थे, किसने अनुमति दी थी। इसपर मेयर ने इन अधिकारियों का स्पष्टीकरण मांगा। हालांकि, बैठक के बाद मेयर इसपर कुछ भी बोलने से बचती हुई नजर आईं। वहीं, आगामी कार्यकारिणी की बैठक अब 10-15 फरवरी के बीच हो सकती है।



### मेयर ने जल निगम के 3 एक्सईएन को भगाया

बैठक में जल निगम की समस्याओं से जुड़े हुए मामलों से संबंधित शिकायतों पर जवाब देने के लिए तीन एक्सईएन बैठक में पहुंचे। मेयर ने पूछा कि क्या आप लोग लखनऊ के स्तर पर समस्याओं का निस्तारण करने के लिए सक्षम अधिकारी हैं। इसपर अधिकारियों ने कहा कि उनके जोन शहर में बंटे हुए हैं। इसपर मेयर ने इन अधिकारियों एक्सईएन मनोज कुमार सिंह, अतहर कादरी और दिव्याशूं सिंह को बैठक से बाहर कर दिया।

इसके बाद नाराज मेयर ने मामले में जल निगम के अधिकारियों को फोन कर के कहा कि आप लोगों को नगर निगम में सदन की बैठक के लिए बुलाया जाता है, लेकिन आप लोग आते नहीं हैं। इसकी शिकायत शासन के साथ में मंत्री से भी करेंगी। इसके बाद जलकल विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर समीन अख्तर पहुंचे।

### नियम विरुद्ध तरीके से सीवर खोदने पर भी हंगामा

पार्षदों ने मुद्दा उठाया है कि नगर निगम की तरफ से जानकीपुरम, सरोजनीनगर और चिनहट में काम किया जा रहा है। यहां पर एक घर के सामने एक सीवर खोदा जा रहा, जबकि नियम है कि दो घर का मिलाकर एक सीवर बनता है। इसपर आपत्ति जाहिर की गई।

साथ ही जल निगम के अधिकारियों को कहा गया कि नगर निगम, जलकल और जल निगम के अधिकारी समंव्य बैठक करेंगे और जिन कामों के लिए जल निगम ने खुदाई का काम किया है, उसपर सड़क बनाने के बाद और नगर निगम के इंजीनीयर की रिपोर्ट लगने के बाद ही नगर निगम जल निगम से जुड़े काम को हैंडओवर लेगा।

## पार्टी नेताओं ने कहा कि बिना किसी सबूत के इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं

# अजय राय की टिप्पणी से राजनीतिक माहौल गरमाया

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर से भाजपा विधायक एवं पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. राजेश्वर सिंह को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई टिप्पणी के बाद प्रदेश की राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। अजय राय ने एक सार्वजनिक बयान में डॉ. राजेश्वर सिंह पर प्रदेश और देश को "लूटने" जैसे गंभीर आरोप लगाए, जिसे भाजपा नेताओं और समर्थकों ने पूरी तरह निराधार, आपत्तिजनक और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित करार दिया है।

अजय राय ने अपने बयान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को लेकर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि इसका




इस्तेमाल डराने के लिए किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने डॉ. राजेश्वर सिंह की पूर्व सेवाओं से जुड़ी एजेंसी को लेकर भी बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगाए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान को भाजपा ने न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करने की कोशिश बताया है, बल्कि इसे संस्थाओं और प्रशासनिक सेवाओं का अपमान भी करार दिया है।

अजय राय के बयान के विरोध में डॉ. राजेश्वर सिंह के समर्थकों ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहीद पथ तिराहा, कानपुर रोड स्थित होटल हॉलिडे इन के सामने आयोजित किया गया, जहां सुबह 11 बजे से ही बड़ी संख्या में समर्थक जुटने लगे।

प्रदर्शन के दौरान समर्थकों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी टिप्पणी की कड़ी निंदा की और तत्काल सार्वजनिक माफी की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि एक जिम्मेदार राजनीतिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की भाषा और आरोपों से बचना चाहिए।

### डॉ. राजेश्वर सिंह की साफ-सुथरी छवि और सेवा का हवाला

भाजपा नेताओं का कहना है कि डॉ. राजेश्वर सिंह देश के उन चुनिंदा अधिकारियों में रहे हैं, जिन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, सख्ती और कानून के राज को प्राथमिकता दी। उनके कार्यकाल में कई बड़े आर्थिक अपराधों, माफिया नेटवर्क और भ्रष्टाचार के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई हुई, जिससे अपराधियों और उनके राजनीतिक संरक्षकों में असहजता स्वाभाविक है। भाजपा का आरोप है कि इसी ईमानदार छवि और जनसमर्थन से घबराकर कांग्रेस नेतृत्व तथ्यहीन आरोपों का सहारा ले रहा है। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि बिना किसी सबूत के इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ हैं।



> **66 सरोजनी नगर की जनता ने साफ कहा है कि डॉ. राजेश्वर सिंह के सम्मान और छवि से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जनता ने प्रदर्शन के माध्यम से यह बता दिया है कि यदि इस तरह की बयानबाजी जारी रही और माफी नहीं मांगी गई, तो इसका अभी और भी कड़ा विरोध किया जाएगा।**

## फेयरवेल पार्टी में ज्यादा चाउमीन खाने पर स्टूडेंट्स सस्पेंड

### फूड काउंटर से कई बार लिया, सेंट मैरी स्कूल का मामला

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के एक स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान चाऊमीन खाने को लेकर बच्चों को सस्पेंड करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्टूडेंट्स ने कई बार चाउमीन लिया। इसकी जानकारी जब प्रिंसिपल को हुई तो उन्होंने स्टूडेंट्स को 2 दिन के लिए स्कूल आने पर रोक लगा दी।

अचानक हुई कार्रवाई से स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भी हैरान-परेशान हैं। बातचीत में स्कूल प्रिंसिपल ने 2 दिन के लिए स्टूडेंट्स को सस्पेंड करने की बात मानी है। हालांकि सस्पेंड किए गए बच्चों की संख्या और उनसे जुड़ी कोई भी जानकारी देने से साफ मना कर दिया। चिनहट स्थिति सेंट मैरी स्कूल में 1 फरवरी को हाईस्कूल के स्टूडेंट्स की फेयरवल पार्टी थी। इवेंट के बाद स्कूल प्रिंसिपल की तरफ से ऑफिसियल ग्रुप में एक ऑडियो भेज उन स्टूडेंट्स के



खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई, जिन्होंने कई बार फूड काउंटर से चाऊमीन ली थी। उन्हें स्कूल आने से रोकते हुए 2 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। ये भी कहा गया कि आगे की कार्रवाई की जानकारी मंगलवार शाम को दी जाएगी। घटना के बाद जब अगले दिन 2 फरवरी को स्टूडेंट्स पहुंचे। आरोप है कि प्रिंसिपल ने उन्हें डंडा लेकर दौड़ा लिया। इस बीच सस्पेंड हुए 9वीं के छात्रों के पेरेंट्स ने स्कूल पर मनमानी का आरोप लगाया है। स्कूल प्रिंसिपल ने ऑफिसियल ग्रुप में ऑडियो मैसेज शेयर किया था। ज्यादा चाऊमीन खाने वाले बच्चों को स्कूल नहीं आने की चेतावनी दी थी।

**समारोह :** 6 करोड़ के बुनियादी ढांचे के साथ करनैल सिंह स्टेडियम का होगा कायाकल्प

# उत्तर रेलवे, आईआरएफसी एनबीसीसी ने हाथ मिलाया

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय खेल बुनियादी ढांचे के मानकों को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज उत्तर रेलवे खेल संघ (NRSA), भारतीय रेलवे वित्त निगम (IRFC) और NBCC सर्विसेज लिमिटेड के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

हस्ताक्षर समारोह शाम 4:30 बजे महाप्रबंधक के सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुआ, जो 6 करोड़ से अधिक मूल्य की इस उच्च-प्रभाव वाली परियोजना की शुरुआत का प्रतीक है।

### विशिष्ट नेतृत्व और खेल हस्तियों की उपस्थिति

समारोह में भाग लेने वाले संगठनों के शीर्ष नेतृत्व ने शिरकत की, जिनमें शामिल हैं:

- श्री अशोक कुमार वर्मा, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे
- श्री मनोज कुमार दुबे, सीएमडी एवं सीईओ, आईआरएफसी
- श्री सुनील कुमार पांडे, सीईओ, एनबीसीसी सर्विसेज लिमिटेड
- श्री राजीव कुमार, अध्यक्ष, एनआरएसए



अत्याधुनिक अपग्रेड (आधुनिकीकरण)

यह साझेदारी राजधानी में एथलेटिक उत्कृष्टता के ऐतिहासिक केंद्र, प्रतिष्ठित करनैल सिंह स्टेडियम को आधुनिक बनाने पर केंद्रित है। इस MoU के तहत मुख्य सुधारों में शामिल हैं:

प्रोफेशनल फ्लडलॉट्स की स्थापना: स्टेडियम में रात के समय प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी मैचों के आयोजन को सक्षम बनाना।

क्लाइमेट-कंट्रोल बैडमिंटन हॉल: बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए साल भर उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षण की स्थिति सुनिश्चित करने हेतु पूरी सुविधा को वातानुकूलित (Air-conditioned) करना।

इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता सुश्री साक्षी मलिक और प्रसिद्ध कोच श्री जयदेव बिष्ट सहित प्रतिष्ठित खेल हस्तियों के साथ-साथ IRFC, NBCC और NRSA के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता

यह पहल केवल संरचनात्मक सुधार मात्र नहीं है; यह फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देने और एथलीटों को विश्व स्तरीय वातावरण प्रदान करने की उत्तर रेलवे की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आधुनिक सुविधाओं को एकीकृत करके, इस परियोजना का लक्ष्य घरेलू सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय मानकों के बीच के अंतर को कम करना है।

# हंगामा : उत्तर प्रदेश में यूजीसी के सपोर्ट में छात्रों का मार्च

## लखनऊ में पुलिस ने 2 किलोमीटर खदेड़ा, खींचकर बस में भरा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में मंगलवार को UGC गाइडलाइंस-2026 के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन हुए। बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बापसा) के लोग लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट पर एकजुट हुए। गेट नंबर-3 से परिवर्तन चौक तक समर्थन मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने करीब 2 किलोमीटर तक छात्रों को दौड़ाया। इस बीच दूसरी तरफ से छात्र परिवर्तन चौक पहुंच गए। वहां पर बैठकर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें टांग-टांगकर बस में बैठाकर ले गई।

बापसा उपाध्यक्ष आकाश कठेरिया ने कहा- 2 दिन पहले यहां




UGC के नए गाइडलाइंस के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था। बाहरी गुंडे लखनऊ यूनिवर्सिटी के कैंपस में आकर प्रदर्शन कर रहे थे, तब धारा 144 नहीं लागू थी। अब धारा 144 लागू कर दी गई है।

हम अपना प्रदर्शन करेंगे। कई जिलों से लोग आ रहे हैं। हम चाहते हैं कि यूजीसी के नए नियमों को पूरी तरीके से लागू किया जाए।

वहीं, काशी में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के विश्वनाथ मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में छात्र इकठ्ठा हुए। SC, ST और OBC वर्ग के करीब 400 छात्रों ने मार्च निकाला। 3 किलोमीटर के मार्च में जय भीम के नारे लगाए। कैंपस में RPF RRF और 5 थानों की फोर्स तैनात है। छात्रों ने कहा - कोर्ट से आदेश लेकर जल्द से जल्द नियम लागू किया जाए, नहीं तो बड़ा आंदोलन करेंगे। बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन का कहना है कि जब तक UGC गाइडलाइंस को पूरी तरह लागू नहीं किया जाएगा, तब तक उच्च शिक्षा में सामाजिक न्याय और बराबरी सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगी।

## गोवंश सुरक्षा और देखभाल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, केयरटेकर बदले गए

# गौशालाओं का औचक निरीक्षण

घटना

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। निराश्रित गोवंश के संरक्षण, समुचित देखभाल और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के उद्देश्य से डीआरडीए परियोजना अधिकारी अनिल कुमार सिंह और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों में संचालित गौशालाओं का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि गौशालाओं में गोवंश की सुरक्षा, स्वास्थ्य और समुचित देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से लागू हैं।

इस क्रम में केंद्रुपुर, जहांगीरगंज, पड़रिया फौलादपुर (विकास खंड बसखारी) और अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल मकोइया का निरीक्षण भी किया गया। केंद्रुपुर गौशाला में सभी गोवंश स्वस्थ पाए गए। हरा चारा और पशु आहार की उपलब्धता संतोषजनक रही, हालांकि गौशाला परिसर में स्थित तालाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पाई गई। डीआरडीए परियोजना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को इसके जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। पड़रिया फौलादपुर गौशाला में हरे चारे की कमी देखी गई। इसके समाधान के लिए ग्राम पंचायत सचिव को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।





### भविष्य की तैयारी और निगरानी

डीआरडीए परियोजना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निराश्रित और कमजोर गोवंश के संरक्षण में किसी प्रकार की ढील या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में सभी गौशालाओं में नियमित निरीक्षण और निगरानी जारी रहेगी। साथ ही, गोशालाओं में हरा चारा, पानी, पशु आहार और चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सतत रूप से जवाबदेह बनाया जाएगा।

**मकोइया गौशाला में सभी व्यवस्थाएं सुचारु पाई गईं। यहां कोई गोवंश बीमार नहीं था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गौशालाओं में गोवंश की सुरक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

### कसड़हा गौशाला में आग की घटना

निरीक्षण के दौरान कसड़हा गौशाला, रामनगर में काऊ कोट में आग लगने की घटना का खुलासा हुआ। इस घटना में दो गोवंश झुलस गए, जिनका तत्काल उपचार कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया जांच में केयरटेकर की लापरवाही सामने आई। डीआरडीए परियोजना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने तत्काल संबंधित केयरटेकर को हटाने का निर्देश दिया और खंड विकास अधिकारी को अन्य केयरटेकर की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही, हरा चारा और पशु आहार की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

# न्यायालय के आदेश पर जमीन दिलाने के नाम पर ठगी का मुकदमा दर्ज

## प्लॉट दिलाने का झांसा, चार लाख की ठगी का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर ।जनपद में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आलापुर थाना क्षेत्र के सुलेमपुर उर्फ बीरनपुर निवासी बुद्धिराम ने अहिरौली थाना क्षेत्र के रज्जूपुर दरवन निवासी संतोष कुमार पर प्लॉट दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। मामले में न्यायालय के आदेश के बाद अहिरौली थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

रुपये देने के बाद कई वर्षों तक जमीन नहीं दिलाई गई। बार-बार संपर्क करने पर टालमटोल की जाती रही। आरोप है कि 3 मार्च 2024 को जब रुपये वापस मांगने के लिए आरोपी के घर पहुंचे तो गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। इस दौरान रुपये लौटाने से साफ इनकार कर दिया गया। घटना के बाद अहिरौली थाने में लिखित शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 28 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक को पंजीकृत डाक से सूचना भेजी गई, इसके बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। कार्रवाई न होने पर मामला न्यायालय में धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत प्रस्तुत किया गया। प्रकीर्ण वाद संख्या 714/2024 की सुनवाई 24 मार्च 2025 को निर्धारित थी। उस दिन प्रार्थी अस्वस्थ था और अधिवक्ता अन्य न्यायालय में व्यस्त थे, जिससे उपस्थिति नहीं हो सकी। इसके चलते वाद अनुपस्थिति में खारिज कर दिया गया। बाद में पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।




### पुरानी पहचान का हवाला देकर लिया गया पैसा

प्रार्थी के अनुसार, वर्ष 2018 में लखनऊ में प्लॉट खरीदने के लिए जमीन की आवश्यकता थी। इसी दौरान परिचित संतोष कुमार ने भरोसा दिलाया कि उसकी कई लोगों से पहचान है और वह जमीन दिलवा सकता है। आरोप है कि इसी विश्वास के आधार पर 8 दिसंबर 2018 को रज्जूपुर दरवन स्थित घर पर बुलाकर बुद्धिराम से ढाई लाख रुपये और उनके सहयोगी पंकज कुमार से डेढ़ लाख रुपये लिए गए। कुल चार लाख रुपये देने के बाद शेष रकम रजिस्ट्री के समय देने की बात कही गई।

फास्ट न्यूज

### जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की घोषणा

अंबेडकरनगर। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) बालिका विद्यालय तेंदुआईकला, अंबेडकर-नगर में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6, 7, 8 और 9 में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि शासनादेशों में निहित व्यवस्था के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### आलापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ

अंबेडकरनगर। आलापुर क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। यह शिविर चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर में 2 फरवरी से आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं में नैतिक मूल्यों, सामाजिक संस्कारों और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने में रासेयो की भूमिका को रेखांकित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सुषमा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया।

### पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई

अंबेडकरनगर । मंगलवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी अभिजित आर शंकर ने कार्यालय में पहुंचे आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, महिला उत्पीड़न, लंबित विवेचनाओं और अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़े प्रकरण सामने आए।

# ग्राम विकास कार्यों की समीक्षा, नई योजना तय

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। विकासखंड बसखारी के ड्वाकरा हाल में मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन भाजपा नेता रूद्र प्रसाद उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में विकासखंड की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों के लिए कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में लघु सिंचाई, सहकारिता कृषि, किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), वृक्षारोपण कार्यक्रम, जनस्वास्थ्य और स्वच्छता योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

साथ ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राज्य वित्त योजना और सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विस्तार से विचार किया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाना चाहिए और हर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर ग्रामीण स्तर पर विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा ग्राम पंचायतों को नगरीय विकास की तर्ज पर विकसित करने की है, जिसके लिए स्पष्ट रूपरेखा तय की जा रही है।

# तहसीलदार द्वारा दर्ज एफआईआर के विरोध में प्रधानों का प्रदर्शन

## अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना, एसपी को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले मंगलवार को कलेक्ट्रेट के निकट डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर प्रधानों और पदाधि-कारियों ने प्रदर्शन किया। संगठन ने टांडा तहसीलदार की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी को अनुचित बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष राज बहादुर यादव, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सियाराम, घनश्याम यादव, अजीत समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राज बहादुर यादव ने बताया कि 31 जनवरी को जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र वर्मा एडवोकेट अपने साथियों के साथ टांडा तहसील वार्ता के लिए गए थे। वार्ता के दौरान कुछ मतभेद उत्पन्न हुए, लेकिन किसी भी प्रकार की अभद्रता या विवाद नहीं हुआ। संगठन का कहना है कि इस बात की पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से भी की जा सकती है। वार्ता के बाद तहसील गेट पर शांतिपूर्ण प्रतीकात्मक धरना दिया गया। इसके बावजूद सुभाष चंद्र वर्मा और उनके साथियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई, जिसे संगठन ने तथ्यहीन और अनुचित बताया। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत उनकी कार्रवाई शांतिपूर्ण थी और किसी भी तरह का हंगामा नहीं हुआ। संगठन ने जोर देकर कहा कि प्रशासन से अपेक्षा है कि भविष्य में प्रधानों और स्थानीय प्रतिनिधियों के शांतिपूर्ण कार्यों को गलत तरीके से प्रतिबंधित न किया जाए।



### एसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के अंत में संगठन ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रधानों ने प्राथमिकी को तुरंत निरस्त करने और भविष्य में इस तरह की अनुचित कार्रवाई से बचने की अपील की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि संगठन अपने सदस्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एफआईआर निरस्त नहीं की गई, तो संगठन कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

# कांग्रेस ने संसद में घटनाक्रम को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। संसद में देश की सुरक्षा से जुड़े सवाल उठाने के दौरान लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का माइक बंद किए जाने को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने इसे देश के साथ विश्वासघात करार दिया।

डा विजय शंकर तिवारी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे की पुस्तक फोर स्टार ऑफ डेस्टिनी का हवाला देते हुए कहा कि पुस्तक में लद्दाख सीमा पर चीन के टैंक पहुंचने का उल्लेख है। उनका आरोप है कि इस मामले में सरकार ने देश को पूरी जानकारी नहीं दी। सच्चाई सामने आने पर रक्षा मंत्री और गृह मंत्री की ओर से सफाई दी गई, जबकि लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर राहुल गांधी का माइक बंद करा दिया गया। उन्होंने इसे देश की सुरक्षा से जुड़ी आवाज को दबाने की कार्रवाई बताया। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी को अपनी बात रखने देने की अपील करने पर सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी माइक बंद कराया गया। उनके अनुसार यह लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने का उदाहरण है, जिसे देश की जनता ने गंभीरता से देखा है। डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि भाजपा नेताओं ने पहले विभिन्न पुस्तकों, आत्मकथाओं और ऑनलाइन स्रोतों का हवाला देकर कांग्रेस और गांधी परिवार पर आरोप लगाए, लेकिन अब इसी तरह के संदर्भ आने पर सरकार असहज दिखाई दे रही है।



**राहुल गांधी का माइक बंद करना देश की सुरक्षा की आवाज दबाने जैसाः डा विजय शंकर तिवारी**

## अकबरपुर महिला महाविद्यालय में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यशाला

# छात्राओं को मिली मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अकबरपुर, अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्या-लय में मंगलवार को करियर काउंसलिंग से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य और संरक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं और आवश्यक तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्वान प्राध्यापकों ने करियर से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों, पदों, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली और पैटर्न पर जानकारी दी। प्राचार्य अरविंद कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि करियर काउंसलिंग छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा और क्षमता को पहचानने में सहायक होती है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया छात्रों को अपनी रुचियों, कौशल और मूल्यों के अनुसार उचित करियर विकल्प चुनने और आवश्यक शिक्षा व प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करती है। कार्यशाला में विशेष वक्ता के रूप में पंकज वर्मा ने ऑनलाइन माध्यम से छात्राओं को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) और संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, तैयारी और परीक्षा प्रणाली (प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया।



**इतिहास विभाग के प्राध्यापक रवीन्द्र कुमार वर्मा ने करियर काउंसलिंग की आवश्यकता और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया व्यक्तियों को करियर विकल्पों की पहचान, भविष्य के निर्णय लेने और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाने में मदद करती है।**

समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका सीता पांडेय ने यूपीपीसीएस की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार से संबंधित पाठ्यक्रम और प्रश्नपत्रों के पैटर्न के बारे में छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। शिक्षा शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका सुनीता सिंह ने बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभागों में करियर अवसरों और उनकी तैयारी की विस्तृत जानकारी साझा की।

# अचानक बदला मौसम काले बादलों से छाया अंधेरा

## तेज हवा संग पानी की बौछार, तापमान में गिरावट से दिनचर्या प्रभावित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मंगलवार सुबह अंबेडकरनगर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरे जैसी स्थिति बन गई। इससे आमजन को कुछ देर के लिए असहजता का सामना करना पड़ा। दोपहर करीब 12 बजे के आसपास 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की बौछारें शुरू हो गईं। तेज हवा और बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सुबह जहां उमस बनी हुई थी, वहीं दोपहर होते-होते मौसम ठंडा हो गया। अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन दैनिक गतिविधियों पर इसका असर साफ दिखाई दिया।



बारिश शुरू होते ही सड़कों पर चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को रफ्तार कम करनी पड़ी। कई स्थानों पर लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और बस स्टॉप पर रुकते नजर आए। बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में चहल-पहल कम रही। खुले में काम कर रहे लोग भी अपने कार्य रोकने को मजबूर हुए।

बारिश से पहले और उसके दौरान तेज हवा के कारण कई इलाकों में धूल उड़ती रही। इससे कुछ समय के लिए दृश्यता प्रभावित हुई। राहगीरों को चलने में सावधानी बरतनी पड़ी। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में काम कर रहे किसानों ने भी मौसम को देखते हुए कार्य स्थगित कर दिया।

मौसम में अचानक आए बदलाव से स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों की दिनचर्या प्रभावित हुई। दोपहर के समय बारिश शुरू होने से कई लोग समय से पहले अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश करते दिखे। वहीं, कुछ स्थानों पर हल्की फुहारों के चलते लोग घरों में ही रुक गए।

मंगलवार को आए इस बदलाव ने यह संकेत दिया कि आने वाले दिनों में मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में मंगलवार सुबह एक 21 वर्षीय युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना जाफरगंज–मालीपुर रेलवे स्टेशन के बीच टिकरी गांव के पास हुई। सुबह के समय हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मालीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका की पहचान टिकरी गांव निवासी उदयभान सिंह की पुत्री मीनाक्षी सिंह उर्फ मीठी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवती ने रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई गई। आत्महत्या के कारणों को लेकर अभी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। मालीपुर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि मामले की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**मालीपुर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव की घटना, पुलिस जांच जारी**

## समीक्षा : बसखारी और टांडा में एसीपी 2026-27 की तैयारियों पर मंथन

# ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सोमवार को बसखारी और टांडा ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) 2026-27 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 की एसीपी प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ऋण वितरण की स्थिति, लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि और लंबित मामलों पर बिंदुवार जानकारी साझा की। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसमें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, एग्रीजंक्शन योजना, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि उत्पादन से संबंधित किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समूहों के लिए कैश क्रेडिट लिमिट, पीएम सूर्यघर योजना और बैंक खाता खोलने की प्रगति प्रमुख रूप से शामिल रही। अधिकारियों ने योजनावार लक्ष्य और उपलब्धि का आकलन किया। खंड विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के खातों को ससमय खोलने के लिए बैंकों से विशेष अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संतृप्ति अभियान को सफल बनाने के लिए यह जरूरी है कि सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों को समय पर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए।




### ऋण पात्रों को न रोके जाने के निर्देश

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि पात्र लाभार्थियों को किसी भी स्थिति में ऋण से वंचित न रखा जाए। बैंकों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया और कहा गया कि शिकाय-तकर्ता की संतुष्टि के अनुसार निस्तारण किया जाए, ताकि बैंकिंग व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे।

### आरसी मिलान और समन्वय पर जोर

बैठक में रिकवरी प्रमाण पत्र (आरसी) के मिलान की स्थिति पर चर्चा की गई। राजस्व विभाग और बैंकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर सहमति बनी, जिससे वसूली से संबंधित मामलों में पारदर्शिता और गति लाई जा सके। अधिकारियों ने कहा कि समन्वय की कमी के कारण कई मामलों में अनावश्यक देरी होती है, जिसे दूर करना आवश्यक है।

# एलएलबी परीक्षा में बड़ी अनियमितता, सिटिंग प्लान ध्वस्त

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बीएन केबी पीजी कॉलेज अकबरपुर में संचालित एलएलबी परीक्षा के दौरान सोमवार को गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। औचक निरीक्षण में परीक्षा की व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित पाई गई। सिटिंग प्लान का पालन नहीं हो रहा था और एक ही टेबल पर पांच से छह परीक्षार्थी झुंड बनाकर परीक्षा देते मिले। कई कक्षों में सीसीटीवी कैमरे या तो लगे ही नहीं थे या बंद पाए गए। हालात देखकर परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए।

जिलाधिकारी को लगातार मिल रही शिकायतों के बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा सिंह और सीओ सिटी नीतीश कुमार तिवारी ने कॉलेज में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम के पहुंचते ही कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान ठाकुरदीप नारायण सिंह स्मारक लॉ कॉलेज से तैनात दो कक्ष निरीक्षक अजय कुमार सिंह और सीपी तिवारी ड्यूटी छोड़कर मौके से भाग गए। दोनों के अचानक गायब होने से जांच टीम हैरान रह गई। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि जिन कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, वे संबंधित लॉ कॉलेजों से ही जुड़े थे। इस व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। एसडीएम ने तत्काल कॉलेज के रजिस्टरों की जांच की और कक्ष निरीक्षकों से जुड़े फोटो व अन्य विवरण संकलित किए। प्रारंभिक जांच में परीक्षा संचालन में लापरवाही और नियमों की अनदेखी के स्पष्ट संकेत मिले हैं।




**झुंड में बैठे मिले परीक्षार्थी, निरीक्षण टीम देखते ही भागे दो कक्ष निरीक्षक**

# सम्पादकीय

## सतही आरोपों की राजनीति, राहुल गांधी का गलवान राग



गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका वह उल्लेख कैसे कर सकते हैं? गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए उन पर गलतबयानी का आरोप लगाया, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। इसके बाद सदन में हंगामा हुआ और वह चल नहीं सका।

इस पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उनके नेता को सदन में बोलने से रोका गया। हंगामे के पहले राहुल गांधी ने जो कुछ कहा, उससे इतना तो स्पष्ट ही है कि वे यही सिद्ध करना चाहते थे कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया। राहुल गांधी कितनी तैयारी से आए थे, इसका पता इससे चलता है कि वे संदर्भ तो गलवन का देना चाहते थे, लेकिन उन्होंने उल्लेख डोकलाम का किया।यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई। इसे पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे भी एक नहीं कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं। जहां तक उनकी पुस्तक की बात है, तथ्य यही है कि अभी रक्षा मंत्रालय ने उसके प्रकाशन की अनुमति नहीं दी है। यह भी एक तथ्य है कि जिस पत्रिका ने इस पुस्तक के कथित अंश छापे हैं और उनकी अपने हिसाब से व्याख्या की है, वह आधे-अधूरे तथ्यों के साथ सनसनी फैलाने के लिए जानी जाती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी।

## समानता की अनदेखी करने वाले नियम, यूजीसी नियमों पर 'सुप्रीम' रोक

पिछले दिनों विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने प्रमोशन आफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 नाम से एक नोटिफिकेशन जारी किया। इन नियमों का मकसद शैक्षणिक संस्थानों से धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान, नस्ल या दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव को खत्म करना था, लेकिन इन नियमों ने व्यापक विवाद को जन्म दिया। सामान्य वर्ग के छात्र इस आशंका से घिर गए कि इन नियमों में उन्हें पहले से ही अपराधी मान लिया गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। इन नियमों में शिकायत की सत्यता जांचने या झूठी शिकायतों को छांटने का कोई ठोस प्रविधान नहीं दिखता। हर आरोप पर तुरंत समिति बैठाकर तेज कार्यवाही तो तय है, लेकिन साक्ष्य की परख, गवाहों की सुनवाई, गोपनीयता और अपील जैसी प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। आरोप लगते ही कार्रवाई होने की जल्दी में सही जांच कैसे होगी? यह बड़ा सवाल है। सवाल यह भी है कि यूजीसी की नई गाइडलाइन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों और संवैधानिक निष्पक्षता के बीच कैसे सामंजस्य स्थापित कर पाएगी? वास्तव में न्याय न सिर्फ होना चाहिए, बल्कि होते दिखना भी चाहिए, अन्यथा भरोसा टूट जाता है। कानूनी दृष्टिकोण से अनुच्छेद-14 के हिसाब से देखें तो यूजीसी के नए नियम समानता के अधिकारों की अनदेखी करते हैं, जबकि अनुच्छेद-15(1) जाति के आधार पर भेदभाव को रोकने का प्रविधान करता है। अदालतों ने कई बार माना है कि गरिमा, निष्पक्षता और उचित प्रक्रियाओं तक पहुंच जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का अभिन्न अंग है। यदि किसी शिक्षक या छात्र को जाति आधारित भेदभाव का सामना करना पड़ता है और वह अनुसूचित जाति या जनजाति या फिर ओबीसी में नहीं आता, तो उसके पास बचाव का कोई कानून न होना प्रक्रियात्मक अन्याय है। बड़ी बात यह है कि यूजीसी गाइडलाइन की धाराएं आपस में ही मेल नहीं खातीं। नियम-2 वंचित समूहों के खिलाफ भेदभाव मिटाने की बात करता है, दूसरी ओर नियम-3(सी) न्याय के अधिकार को केवल कुछ जातियों तक सीमित कर देता है।

**डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी**

# अमेरिका में भारत





> सांस्कृतिक प्रतीकों से आगे बढ़कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अमेरिका की साझेदारी अमेरिका में भारत की एक कम दिखाई देने वाली, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

अमेरिका में भारत की उपस्थिति किसी एक घटना, स्मारक या एक प्रवासी समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समय के साथ निर्मित एक विस्तृत सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक परिदृश्य है। यह उपस्थिति कभी किसी उद्यान में स्थापित प्रतिमा के रूप में दिखाई देती है, कभी विश्वविद्यालय के सभागार में दिए गए व्याख्यानों में, कभी प्रयोगशालाओं में साझा शोध के रूप में और कभी किसी छोटे शहर के सांस्कृतिक केंद्र में बजते तबले या गूंजते भजन में।


न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन गार्डन में स्थापित महात्मा गांधी का बस्ट इस उपस्थिति का एक सशक्त प्रतीक है। दिसंबर 2022 में भारत के विदेश मंत्री और संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा अनावरण किया गया यह बस्ट संयुक्त राष्ट्र परिसर में गांधी की पहली स्थायी प्रतिमा है। यह तथ्य विशेष ध्यान देने योग्य है कि गांधी स्वयं कभी अमेरिका नहीं आए, फिर भी भारत के बाहर उनकी सर्वाधिक प्रतिमाएं और स्मारक जिस देश में हैं, वह अमेरिका ही है। यह स्थिति किसी औपचारिक कूटनीतिक निर्णय से अधिक उस वैचारिक स्वीकृति का परिणाम है, जो अमेरिकी समाज ने गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लेकर विकसित की है। अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन से लेकर शांति आंदोलनों में महात्मा गांधी के विचारों की छाया स्पष्ट देखी जा सकती है। यदि अमेरिका और भारत के वैचारिक संबंधों की ऐतिहासिक शुरुआत को देखा जाए तो स्वामी विवेकानंद की 1893 की शिकागो यात्रा एक निर्णायक क्षण के रूप में सामने आती है। वल्ड्र्स पार्लियामेंट ऑफ रिलिजन्स में दिया गया उनका संबोधन केवल एक भाषण नहीं था, बल्कि पश्चिमी दुनिया के लिए भारतीय दर्शन का औपचारिक परिचय था। धार्मिक सहिष्णुता, सार्वभौमिकता और मानव एकता पर आधारित उनका दृष्टिकोण अमेरिकी श्रोताओं के लिए नया भी था और आकर्षक भी। इसके बाद विवेकानंद ने अमेरिका के विभिन्न नगरों में प्रवास कर वेदांत दर्शन का प्रचार किया, शिष्यों को दीक्षा दी और संस्थागत रूप से वेदांत सोसाइटियों की नींव रखी। न्यूयॉर्क राज्य के थाउजेंड आइलैंड पार्क में उनकी साधना से जुड़ा स्मारक आज भी इस बात का प्रमाण है कि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा ने अमेरिकी भूमि पर स्थायी जड़ें जमा ली हैं। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में प्रवासी भारतीय समुदाय ने अमेरिका में जिस तरह अपनी पहचान बनाई, उसने अमेरिका में भारत की छवि को एक नया आयाम दिया। आज अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी पचास लाख से अधिक है और यह समुदाय शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार और सार्वजनिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है। यह केवल आर्थिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास की भी कहानी है। भारतीय समुदाय ने अपने त्योहारों, भाषाओं, कलाओं और सामाजिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए उन्हें अमेरिकी सामाजिक ताने बाने में इस तरह पिरोया है कि वे अलग थलग नहीं, बल्कि सहभागी बन गए हैं। कुछ राज्यों की अमेरिकी सरकार ने दीपावली पर अवकाश की शुरुआत की है। अमेरिका के अनेक राज्यों में स्थापित इंडिया कम्युनिटी सेंटर और कल्चरल सेंटर इस सांस्कृतिक आत्मविश्वास के जीवंत उदाहरण हैं। कैलिफोर्निया के मिलपीटस स्थित इंडिया कम्युनिटी सेंटर हो या न्यू जर्सी, यूटा और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक केंद्र, ये सभी आधुनिक चौपालों की तरह काम करते हैं। यहां योग कक्षाओं के साथ साथ बच्चों के लिए भाषा शिक्षण, संगीत और नृत्य की कक्षाएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम और बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक उत्सव आयोजित होते हैं। इन केंद्रों में दूसरी और तीसरी इंडियन डायस्पोरा पीढ़ी यह सीखती है कि भारतीय होना और अमेरिकी होना परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक दूसरे को एक साथ समृद्ध करने वाली पहचानें हैं।अमेरिका के हिंदू मंदिर, जैन मंदिर और गुरुद्वारे भी केवल पूजा स्थल नहीं रह गए हैं। वे सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र बन चुके हैं। आरती के बाद शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति, त्योहारों के अवसर पर नाटक और भजन, भाषा कक्षाएं और सामुदायिक चर्चा सभाएं इन स्थलों को एक व्यापक सामाजिक मंच में बदल देती हैं। इस प्रक्रिया में भारतीय परंपरा धार्मिक दायरे से बाहर निकलकर सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन का अंग बन जाती है। इस्कॉन , अक्षरधाम , कुछ भारतीय प्रवचन कर्ता गुरु अमेरिका में अनेक स्थानों पर महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। महात्मा गांधी के साथ साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाएं भी अमेरिका में भारत की वैचारिक उपस्थिति को रेखांकित करती हैं। मैरीलैंड में स्थापित आंबेडकर की विशाल प्रतिमा सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की उस परंपरा को सामने लाती है, जो भारत और अमेरिका दोनों लोकतंत्रों की साझा विरासत है। यह संकेत करती है कि अमेरिका में भारत केवल आध्यात्मिक या सांस्कृतिक प्रतीकों तक सीमित नहीं, बल्कि आधुनिक लोकतांत्रिक चिंतन का भी प्रतिनिधि है। अमेरिकी संग्रहालयों में भारतीय कला और इतिहास की उपस्थिति इस कथा का एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। न्यूयॉर्क का मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट और सैन फ्रांसिस्को का एशियन आर्ट म्यूजियम भारतीय मूर्तिकला, चित्रकला और वस्त्र कला के समृद्ध संग्रहों के माध्यम से भारत को एक दृश्य पाठशाला की तरह प्रस्तुत करते हैं। इन दीर्घाओं में भारत केवल अतीत की सभ्यता नहीं, बल्कि जीवंत सौंदर्य परंपरा के रूप में दिखाई देता है, जो आधुनिक कला संवादों से भी जुड़ती है।

**-विवेक रंजन श्रीवास्तव**

## भारतीय आर्थिक विमर्श में ...

जयसिंह रावत

# केंद्रीय बजट 2026-27: विकास की रफ्तार, उधारी की बैसाखी



भारत जैसे विकासशील देश के लिए केंद्रीय बजट महज़ आय और व्यय का दस्तावेज नहीं होता, बल्कि वह सरकार की आर्थिक सोच, प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा का घोषणापत्र होता है। वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट भी इसी कसौटी पर खरा उतरता दिखता है। यह बजट एक ऐसे भारत की तस्वीर पेश करता है जो बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है, लेकिन इस विकास यात्रा का बड़ा हिस्सा उधारी की बैसाखी पर टिका हुआ है। यही वह बिंदु है जहाँ "विकास की अनिवार्यता" और "वित्तीय जोखिम" के बीच संतुलन साधना सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरता है।

बजट अनुमान 2026-27 के अनुसार केंद्र सरकार ने कुल 53.5 लाख करोड़ के व्यय का लक्ष्य रखा है, जबकि गैर-ऋण प्राप्तियां केवल 36.5 लाख करोड़ आंकी गई हैं। साफ है कि सरकार अपनी वास्तविक आय से लगभग 17 लाख करोड़ अधिक खर्च करने जा रही है। यही अंतर राजकोषीय घाटे के रूप में सामने आता है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.3 प्रतिशत है। तकनीकी रूप से यह पिछले वर्ष के 4.4 प्रतिशत से थोड़ा कम जरूर है, लेकिन व्यवहार में यह संकेत देता है कि सरकार अब भी अपनी चादर से कुछ आगे पैर पसार रही है।

इस पूरे परिदृश्य में एक सकारात्मक पहलू कर राजस्व का है। 28.7 लाख करोड़ की शुद्ध कर प्राप्तियां यह बताती हैं कि कर आधार में विस्तार हुआ है और औपचारिक अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। वस्तु एवं सेवा कर (GST) और प्रत्यक्ष कर संग्रह में निरंतर वृद्धि इस बात की पुष्टि करती है कि राजस्व जुटाने की क्षमता में सुधार हुआ है, हालांकि यह सुधार बढ़ते खर्च के मुकाबले अभी भी अपर्याप्त नजर आता है।

भारतीय आर्थिक विमर्श में अक्सर उद्धृत कहावत "ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत" आज के परिदृश्य में असहज रूप से प्रासंगिक लगती है। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के कर्ज में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2014-15 में जहाँ कुल केंद्रीय कर्ज लगभग 62 लाख करोड़ था, वहीं 2026-27 तक यह आंकड़ा 175 लाख करोड़ के पार पहुंचने का अनुमान है। यानी एक दशक से थोड़े अधिक समय में कर्ज लगभग तीन गुना हो गया है। इस कर्ज का सबसे चिंताजनक पहलू ब्याज भुगतान है। आज बजट का एक बड़ा हिस्सा केवल पुराने कर्ज पर ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। इसका अर्थ यह है कि सरकार का एक महत्वपूर्ण संसाधन न तो विकास कार्यों में लग पा रहा है और न ही सामाजिक क्षेत्रों में, बल्कि केवल अतीत की उधारी को संभालने में खप रहा है। यदि उधार लिया गया धन उपभोग या सब्सिडी तक सीमित रह जाए, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक जोखिम पैदा करता है।

हालांकि इस तस्वीर का दूसरा, अपेक्षाकृत उजला पक्ष भी है। वर्ष 2026-27 के लिए 26.1 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। आर्थिक सिद्धांतों के अनुसार यदि उधारी का पैसा सड़क, रेल, बंदरगाह, ऊर्जा, डिजिटल नेटवर्क और शहरी अवसंरचना जैसी स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण में लगाया जाता है, तो यह केवल खर्च नहीं बल्कि भविष्य की उत्पादक क्षमता में निवेश होता है। संशोधित अनुमानों के अनुसार कुल व्यय का लगभग आधा हिस्सा पूंजीगत कार्यों के लिए आवंटित किया जाना इस बात का संकेत है कि सरकार उधारी को केवल उपभोग तक सीमित रखने के बजाय संपत्ति निर्माण की दिशा में ले जाना चाहती है। यदि ये परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं और उनकी गुणवत्ता बनी रहती है, तो वे आने वाले वर्षों में आर्थिक वृद्धि को सहारा दे सकती हैं।

इसके बावजूद 17.2 लाख करोड़ की सकल बाजार उधारी चिंता पैदा करती है। जब सरकार बाजार से बड़े पैमाने पर कर्ज लेती है, तो बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निजी क्षेत्र को ऋण देने के लिए अपेक्षाकृत कम संसाधन बचते हैं। इससे ब्याज दरों पर दबाव बढ़ सकता है और निजी निवेश प्रभावित हो सकता है, जिसे अर्थशास्त्र में 'क्राउडिंग आउट प्रभाव' कहा जाता है।

## लोकसभा...

ललित गर्ग

# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता



नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया।

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है।

## कुछ अर्थशास्त्रियों...

राजेश जैन

# भारत-अमेरिका टैरिफ डील : जश्न मनाने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए



सोमवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भारत–अमेरिका रिश्तों में नई हलचल पैदा कर दी। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने भारत पर लगाया 50% टैरिफ घटाकर 18% कर दिया है और बदले में भारत रूस से तेल खरीद बंद करने, अमेरिका से ज़्यादा तेल खरीदने और 500 अरब डॉलर तक की 'बाय अमेरिकन' खरीद के लिए राज़ी हो गया है। कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर धन्यवाद संदेश लिखा।

पहली नज़र में यह बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत जैसी लगी। शेयर बाज़ारों ने राहत की सांस ली, रुपया संभला और उद्योग जगत में उम्मीद जगी। लेकिन जैसे-जैसे विवरण सामने आए, साफ़ होने लगा कि तस्वीर उतनी सरल नहीं है। यह समझौता कम, राजनीतिक संकेत ज़्यादा लगता है; और शायद यही वजह है कि इस वक्त भारत को उत्सव से ज़्यादा सतर्कता की ज़रूरत है।

अप्रैल में ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 25% रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था। अगस्त में रूस से तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25% "पेनल्टी टैरिफ" जोड़ दिया गया-यानी कुल 50%, जो किसी भी देश पर अमेरिका का सबसे ऊंचा टैरिफ था। अब रूस वाला 25% हटाया जाएगा और कुल टैरिफ 18% रह जाएगा।

सुनने में यह बड़ी राहत है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है। कपड़ा, चमड़ा, जूते और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान सेक्टर इस टैरिफ से बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। अक्टूबर में निर्यात करीब 12% गिर चुका था और व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस लिहाज़ से 18% टैरिफ भारतीय निर्यातकों के लिए ऑक्सीजन जैसा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे 2026 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2–0.3 प्रतिशत अंक बढ़ सकती है। ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर तीन बड़े दावे किए—भारत रूस से तेल खरीद बंद करेगा, भारत अमेरिकी उत्पादों पर अपने टैरिफ शून्य तक ले जाएगा और भारत अमेरिका से 500 अरब डॉलर से ज़्यादा का सामान खरीदेगा, जिसमें ऊर्जा, टेक, कृषि और कोयला शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में इन तीनों में से किसी बात की पुष्टि नहीं है। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि "मेड इन इंडिया" उत्पादों पर टैरिफ घटा है और साझेदारी नई ऊंचाइयों तक जाएगी।

## जरा हटके

# मंत्र से सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण

अनुभूत सत्य को तर्क से काटा नही जा सकता हैं । आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी ने इसी आधार पर वर्षों पूर्व कहा था में आत्मा को मानता हूं जानता नही । मनुष्य में विकास की दर अलग होती है। वह उनके कौशल ,दिमाग़ व शक्ति आदि समान रूप से सबल नहीं होती हैं । अभिनव ध्यान पद्धति से भी शक्ति संचरण हो जाता हैं । ध्याता तन्मयता से, अनुप्रेक्षा,अंतर्यात्रा आदि से ऊर्जा का स्फुरण कर हो जाता हैं । बीज मंत्रों का अनूठा संयोजन, मंत्र बनकर रक्षण करते हैं । वह मंत्र की अप्रतिहत तर्क शक्ति के आगे सभी विद्वतजन नतमस्तक हैं । मंत्र के सकारात्मक सींचन से कितनों की समस्या सुलझ जाती हैं । जप किसी मंत्र या वाक्य का धीरे-धीरे , बार-बार बोल कर या मन ही मन किया जाता है । वह जप अगर सविधि किया जाए तो जप से मानसिक शक्ति बढ़ सकती हैं । वह व्यक्ति यह महसूस करता है कि मानो उसकी स्वस्थ व शक्तिशाली परिधि उसके अन्दर निर्मित हो रही है । वह इच्छित सिद्धि भी प्राप्त कर सकता है । जप निरन्तर तय अवधि से किया जाता हैं तो यह उपलब्धि मिलती है । इससे जो ध्वनि तरंगें उत्पन्न होती हैं उनसे शरीर के सूक्ष्म व स्थूल अंग प्रकम्पित होते हैं। यह कोई आवश्यक नहीं कि जप किसी विशेष उद्देश्य पूर्ति के लिए ही किया जाए । यह जीवन के लिए मनः शान्ति के लिए भी अथवा खास तरह से आत्मविश्वास विकसित करने के लिए भो किया जा सकता है । जैन धर्म में आठ मंगल बतायें गयें हैं । स्वस्तिक , श्रीवत्स , नन्दावर्त , वर्धमानक, भद्रासन , कलश, मत्स्य, दर्पण हैं । स्वस्तिक का अर्थ हैं-अच्छा या मंगल । तीर्थंकरों की वाणी सदा मंगलमय होती हैं । स्वस्तिक को मंगल का प्रतीक माना जाता हैं । कहीं- कहीं स्वस्तिक को अनंत और शांति का प्रतीक भी माना जाता हैं । तीर्थंकर अनंत ज्ञान के स्वरूप होते हैं । वह चारों गतियों से मुक्त होने का मार्ग दिखलातें हैं । चौबीस तीर्थंकरों का क्रम और काल का चक्र हमेशा चलायमान रहता हैं । जैन धर्म में स्वस्तिक को चारों गति व अनंतकाल का प्रतीक माना जाता हैं । स्वस्तिक को ऋग्वेद की चर्या में सूर्य माना गया हैं । स्वस्तिक में चार बिंदिया ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप का प्रतीक होती हैं । स्वस्तिक से नार शिक्षाएं ग्रहण कर सकतें हैं कि समय कीमती हैं, ज्ञान ऊर्जावान हैं, सत्यनिष्ठ बनो , चरित्रवान रहों । मंत्र अनुष्ठान से सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता हैं । स्वस्तिक आकार में तन्मयता पूर्वक जप करना अपने आप में विशिष्ट हैं । नमस्कार महामंत्र, भक्तामर आदि आध्यात्मिक मंत्रों से आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं । मंत्रों के सकारात्मक प्रभाव से हर्षित मन, स्नेह और विनम्रतापूर्वक श्रेष्ठ संकल्पों के साथ उपासना, ध्यान, साधना आदि कर हम अपार ऊर्जा, आरोग्य, सकारात्मक शक्ति, शांति अर्जन कर अपने विवेकपूर्ण कृत्य से शक्तिसंपन्न, प्रगतिशील, विकसित, परम वैभव शाली आदि बन सकतें हैं । मेरे भीतर अनन्त शक्ति का संचार है ।

**› प्रदीप छाजेड़**

## मंत्री ओपी राजभर बोले- बैलेट पेपर जिलों में पहुंचे, 28 फरवरी को आएगी वोटर लिस्ट

# यूपी में अप्रैल-जुलाई के बीच होंगे पंचायत चुनाव



**दावा**



**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा- यूपी सरकार ने पंचायत चुनाव कराने की तैयारी पूरी कर ली है। चुनाव निर्धारित समय पर कराए जाएंगे।

राजभर योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री हैं। मंगलवार को वे वाराणसी में थे। उन्होंने पंचायत चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव के साथ होने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कहा पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले होंगे। इसके लिए मतपत्र (बैलेट पेपर) छपकर सभी जिलों में पहुंच चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने होमवर्क शुरू कर दिया है।

पहले चरण में ग्राम प्रधान, बीडीसी (क्षेत्र पंचायत सदस्य) और जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव होंगे। इसके लिए जिले तैयार हैं और बैलेट पेपर जिलों में पहुंचा दिए गए हैं। उनका नोटफिकेशन जल्द किया जाएगा। ओपी राजभर ने कहा- देश सविंधान से चलेगा। किसी शंकराचार्य के बयान से नहीं चलेगा। किसी के बयान से सविंधान नहीं बदलेगा। उसी सविंधान के अनुसार सरकार चल रही है। किसी के कहने से नया कानून नहीं बनेगा। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि पार्टी और सरकार भी समय पर चुनाव कराने के पक्ष में नहीं है। विधानसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव में कई तरह के राजनीतिक जोखिम हैं।

**यूपी में प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने स्पष्ट कर दिया है कि पंचायत चुनाव समय पर होंगे। सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार है। हर जिले में इसकी तैयारियां चल रही है।**

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी को

राजभर ने कहा- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी 2026 को होने जा रहा है। भावी उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अंतिम सूची आने से पहले अपने समर्थकों के नाम जुड़वा लें, पंचायत चुनाव ईवीएम (EVM) पर नहीं, बल्कि मतपत्रों के जरिए ही कराए जाएंगे।

### पंचायत चुनाव टले तो क्या होगा?

प्रदेश में ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में हो जाएगा। वहीं, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों का पांच साल का कार्यकाल जुलाई के पहले सप्ताह में पूरा होगा। ऐसे में यदि समय पर चुनाव नहीं कराए जाते हैं तो ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्षों की जगह वहां सरकार की ओर से किसी सक्षम अधिकारी को रिसीवर (प्रशासक) नियुक्त किया जाएगा।

### अप्रैल से जुलाई के बीच होंगे चुनाव

ओपी राजभर ने कहा- विधानसभा चुनाव से पहले ही पंचायत चुनाव होंगे। हालांकि अभी सटीक तारीखों का ऐलान करने से बचते रहे। बोले- अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी।

## 'मेरे हिंदू पति ने दूसरी शादी की पंजाब में लिव-इन में रखा'

### सहारनपुर एसएसपी से महिला ने लगाई गुहार

**तमसा संकेत, एजेंसी**



सहारनपुर । पंजाब से एक महिला सोमवार को सहारनपुर एसएसपी कार्यालय पहुंची। महिला ने बताया कि उनकी दूसरी शादी एक हिंदू युवक से हुई थी और पंजाब में उन्हें लिव-इन में रखा गया। इसके बाद पति ने पहले पति से तलाक दिलवाकर शादी की। दोनों से पांच बच्चे हुए।

हाल ही में उन्होंने दूसरी शादी कर ली और जब महिला ने फोन पर बात करने की कोशिश की, तो पति ने रिश्ते को मानने से साफ इनकार कर दिया। अब महिला ने लिखित शिकायत दर्ज कराकर एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

पंजाब की रहने वाली मुस्कान ने बताया- करीब 9 साल पहले मेरी मुलाकात सहारनपुर के थाना गंगोह के जानखेड़ा गांव निवासी आशु कुमार से हुई। पहले हमारी दोस्ती हुई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। इसके बाद मैं उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगी।

हालांकि मेरी पहली शादी यमुना-नगर में हुई थी, लेकिन आशु ने मुझे तलाक दिलवाकर शादी की। पंजाब के एक थाने में उसने लिखित रूप से मुझे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद वह मुझे अपने पैतृक गांव ले आया, जहां मैं रहने लगी। सास की मौत के बाद आशु ने मुझे काम दिलाने का झांसा देकर चंडीगढ़ ले गया और किराए के मकान में रखा। इसी दौरान हमारे पांच बच्चे हुए, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है। फिलहाल एक बेटा और एक बेटी मेरे साथ हैं।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित रोडवेज बस ने खड़ी मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

सूरतगंज (बाराबंकी)। मंगलवार शाम फतेहपुर–बाराबंकी मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक रोडवेज बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मोटर-साइकिल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस चालक महमूद ने बताया कि चलते समय बस में तकनीकी खराबी आ गई थी। स्थिति बिगड़ती देख वह बस को सड़क किनारे लगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान सामने से अचानक एक एंबुलेंस आ गई, जिससे चालक घबरा गया और बस पर से उसका नियंत्रण हट गया।

## अयोध्या जीएसटी अफसर ने थूककर चाटा : अविमुक्तेश्वरानंद

### भैंस के मांस के नाम पर गौमांस विदेशों में भेजा जा रहा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या के GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सिंह इस्तीफा वापस लेने पर तंज कसा। उन्होंने हंसते हुए कहा- बरेली मजिस्ट्रेट के इस्तीफा देने के बाद जो त्याग पत्र दिलवाया गया था। वो वापस हो चुका है। आदमी थूक कर चाट चुका है। हमने तभी कहा था कि ये जो त्याग पत्र दिया गया है वो चार दिन में वापस होगा। और वही हुआ।

दरअसल, GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह 27 जनवरी को सीएम योगी के सपोर्ट में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन 4 दिन बाद ही यूटर्न लेते हुए अपना फैसला वापस ले लिया था। अफसर ने कहा था- मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। फिलहाल मैं अपने दफ्तर में काम कर रहा हूं।



अविमुक्तेश्वरानंद शंकराचार्य | अयोध्या डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह

अविमुक्तेश्वरानंद ने पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के बयान पर भी पटलवार किया। कहा- मंत्री आका शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। आका अरबी शब्द है। उन्हें पता नहीं कि शंकराचार्य सर्वोच्च पद है। उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता है। तुम्हारे आका हो सकते हैं। तुम मंत्री हो, तुम्हारे आका मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री के आका राज्यपाल और केंद्र में मंत्री हैं। तुम्हारी मुसलमानी भाषा बता रही है कि सबकुछ मुगलिया हो चुका है।

दरअसल, 2 दिन पहले बरेली में धर्मपाल सिंह ने कहा था कि अविमुक्तेश्वरानंद गोकशी पर सफेद झूठ बोल रहे हैं। यूपी में जिस गोकशी की बात वो कर रहे हैं, वह दरअसल अविमुक्तेश्वरानंद के 'आकाओं' का काम रहा है। मंत्री ओम प्रकाश राजभर और धर्मपाल सिंह सैनी के बयानों पर शंकराचार्य भड़क गए। कहा- सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि यूपी से केवल भैंस, बकरे और सूअर का मांस निर्यात होता है, गौमांस का नहीं। जबकि, यूपी से सूअर के मांस का निर्यात होता ही नहीं है।

### सहारनपुर में अचानक सीने में दर्द उठा, बेहोश होकर कुर्सी से गिरे, फिर उठे नहीं

# एसआईआर की शिकायत सुनते सुनते बीएलओ की हुई मौत



**तमसा संकेत, एजेंसी**

सहारनपुर। सहारनपुर में एसआईआर की जनसुनवाई के दौरान BLO की मौत हो गई। वह लोगों की शिकायत सुन रहे थे। अचानक सीने में तेज दर्द उठा और कुर्सी से जमीन पर गिर पड़े। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद परिजन को घटना की सूचना दी गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बीएलओ दुष्यंत सिंह बेदी सिचाई विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात थे। घटना मंगलवार दोपहर की नूर बस्ती थाना क्षेत्र की है।



दुष्यंत सिंह बेदी, मृतक

दुष्यंत सिंह बेदी मूल रूप से चकहरहेटी के रहने वाले थे। वर्तमान में नूर बस्ती क्षेत्र के बीएलओ थे। उनकी ड्यूटी नुमाइश कैंप क्षेत्र में माध्यमिक विद्यालय में लगाई गई थी। वह मंगलवार दोपहर SIR से जुड़े मामलों की जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उनके सीने में तेज दर्द होने लगा। वह कुछ देर तक कुर्सी पर सीने पर हाथ रखकर बैठे रहे। इसके बाद अचानक जमीन पर गिर गए। वहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें उठाने की कोशिश की, जब नहीं उठे तो उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच करके उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**दुष्यंत सिंह के पत्नी की मौत करीब 8 साल पहले हो चुकी है। परिवार में उनकी मां और दो छोटे बच्चे हैं। दुष्यंत ही पूरे परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनकी मौत के बाद परिवार को देखने वाला कोई नहीं बचा है।**

### जून में रुड़की हुआ था ट्रांसफर

दुष्यंत सिंह का जून में रुड़की स्थित सिंचाई विभाग में ट्रांसफर हो गया था। लेकिन प्रशासन ने चुनाव और एसआईआर से जुड़ी ड्यूटी के चलते उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया। वे लगातार सहारनपुर में ही ड्यूटी कर रहे थे।

### प्रकाश, पेयजल व रैन बसेरों की बदहाली, सुरक्षा को लेकर भी चिंता

**तमसा संकेत, संवाददाता**

रामनगर, बाराबंकी। सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा धाम में कांवरियों का आगमन शुरू हो चुका है। आगामी 5 फरवरी से प्रारंभ होने वाले फागुनी मेले को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है, लेकिन कई विभाग अपनी जिम्मेदारियों पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। इसका असर मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर साफ दिखाई दे रहा है।मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी शशांक कुमार त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने हाल ही में प्रशासनिक अमले के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान प्रकाश, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कई खामियां जस की तस बनी हुई मंदिर परिसर में लगी कई हाई मास्क लाइटें अभी तक बदली नहीं जा सकी हैं और खराब पड़ी हैं। पानी की टंकी चालू नहीं हो पाई है तथा आरओ मशीन भी खराब पड़ी है। मंदिर के निकासी द्वार पर स्थित जर्जर भवन श्रद्धालुओं के लिए खतरा बन सकता है। निकासी मार्ग पर नाली की उचित व्यवस्था न होने से पानी फैला हुआ है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। अभरन सरोवर पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कर जाल लगाया गया है, लेकिन तालाब का पानी दूषित है और आसपास गंदगी फैली हुई है। मंगलवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद मेला बाग में जलभराव की स्थिति बन गई। यहां लगे लगभग तीन हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। पीएचसी के सामने बने रैन बसेरे में टीन सेट ऊपर से खुले हुआ हैं, जिससे बारिश से बचाव संभव नहीं है।



**कांवरियों का आगमन शुरू, फागुनी मेले की तैयारियों में दिखी खामियां।**

### यह बैठक फतेहपुर स्थित विधायक के जन सहयोग केंद्र पर आयोजित की गई

## फतेहपुर बाईपास के भूमि अधिग्रहण को लेकर विधायक ने की बैठक

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। राष्ट्रीय राजमार्ग NH-727-H (फतेहपुर बाईपास) के निर्माण से जुड़े भूमि अधिग्रहण कार्यों को लेकर क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने सोमवार को अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यह बैठक फतेहपुर स्थित विधायक के जन सहयोग केंद्र पर आयोजित की गई, जिसमें उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता तथा क्षेत्र के लेखपाल उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विधायक ने NH-727-H परियोजना की अब तक की प्रगति, भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति और इससे प्रभावित किसानों व भूमि स्वामियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।



**किसानों को समय पर मुआवजा देने के निर्देश**

विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के समग्र विकास, यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा राजस्व अभिलेखों की समीक्षा की गई तथा भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने विधायक को आश्वासन दिया कि अधिग्रहण से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी, जिससे परियोजना को समय पर धरातल पर उतारा जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि NH-727-H फतेहपुर बाईपास के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और व्यापार व उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। किसानों और आम जनता ने विधायक द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि जल्द ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होकर सड़क निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो

विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और नियमानुसार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों और भू-स्वामियों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें समय पर उचित और न्यायसंगत मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी प्रकार का विवाद या असंतोष उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सभी संबंधित दस्तावेजों और राजस्व अभिलेखों की गहनता से जांच कर जल्द से जल्द औपचारिकताएं पूरी की जाएं।

## मुंबई से गर्लफ्रेंड को गोरखपुर लाकर मारा

### बेटे के लिए बाप का नाम मांग रही थी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर । मुंबई की प्रिया शेट्टी (35) की गोरखपुर में हत्या की गई। उसकी जिंदगी में आया पहला प्यार ही मौत का कारण बना। मुंबई में जिस विजय के साथ वो लिव-इन में रही। वही विजय बेटे का बाप बनने के सिर्फ 1 साल बाद ही प्रिया से दूर हो गया। दोनों के बीच नाराजगी कुछ ऐसी हुई कि 9 साल तक दोनों ने एक-दूसरे की जिंदगी में झांका तक नहीं। इस बीच विजय की संध्या से शादी हुई और वो 2 बेटियों का पिता बना। 2022 में वो अपनी पत्नी और बेटियों को लेकर मुंबई शिफ्ट हो गया। दोनों बेटियों का नाम कॉन्वेंट स्कूल में लिखवाया। यहीं से उसकी जिंदगी में यूटर्न आया।


इंस्टाग्राम पर 1 बार फिर उसकी मुलाकात अपने पहले प्यार प्रिया से हुई। दोनों मिलने लगे, साथ रहने भी लगे। अब प्रिया विजय पर 2 तरह के दबाव बनाने लगी। पहला- बेटे को बाप का नाम दो। दूसरा- बेटे का अच्छे कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन कराओ। विजय को दुनिया के सामने 2 शादियां दिखाना गंवारा नहीं था। इसलिए वो प्रिया को 1680 Km दूर गोरखपुर लाया और बेरहमी से उसे मार डाला। इस बनती-बिगड़ती लव स्टोरी में न तो प्रिया के बेटे को हक मिल सका, न ही विजय ही पत्नी संध्या के साथ जिंदगी जी सकेगा।



प्रिया, मृतक

**आदेश :** देवरिया में जांच में इंफेक्शन निकला ■ जिला कारागार भेजा गया

# पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज



**तमसा संकेत, एजेंसी**

देवरिया। देवरिया के देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को डॉक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया। अमिताभ ठाकुर का सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड कराया गया। जिसमें इंफेक्शन सामने आया है। डॉक्टरों ने उन्हें दवा लेने की सलाह दी है। पुलिस सुरक्षा में उन्हें 4.30 बजे देवरिया जिला कारागार भेजा गया ।

वहीं अब पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की रिहाई का रास्ता होता नजर आ रहा है। वाराणसी के बाद अब देवरिया में भी बांड जमा कराए जाएंगे। जमानत-दारों की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद वह जेल से बाहर आ सकेंगे। वारंट बी और कानूनी दांव-पेंच के चलते जमानत मिलने के 15 दिन बाद भी वह जेल से नहीं छूट सके थे।

30 जनवरी को लखनऊ CJM कोर्ट ने वारंट निरस्त करने का आदेश दे दिया। इसके बाद 2 फरवरी को वाराणसी कोर्ट में औपचारिकताएं पूरी हुईं। अब देवरिया कोर्ट में भी बांड भरकर जमानत की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हो जाएगा। अमिताभ ठाकुर के अधिवक्ता प्रवीण त्रिपाठी के अनुसार उनकी रिहाई 6 फरवरी तक हो सकती है।



■ अमिताभ ठाकुर के रक्त में क्रिएटिनिन का स्तर सामान्य से अधिक पाया गया है। डॉक्टरों के अनुसार बढ़ा हुआ क्रिएटिनिन किडनी की कार्यक्षमता पर प्रभाव का संकेत माना जाता है।

### वारंट बी निरस्त होने के बाद रास्ता साफ

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने बताया- वारंट बी किसी भी बंदी की रिहाई प्रक्रिया में सबसे बड़ी अड़चन बन जाता है। अमिताभ ठाकुर के मामले में भी यही स्थिति बनी रही। अधिवक्ताओं ने पहले वारंट बी को निरस्त कराने की रणनीति अपनाई। इसके लिए लखनऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया।

लगातार पैरवी और बहस के बाद 30 जनवरी को सीजेएम कोर्ट ने वारंट बी वापस लेने का आदेश दे दिया। यह आदेश 1 फरवरी को देवरिया जिला कारागार पहुंचा। वारंट बी वापस होते ही कानूनी अड़चन काफी हद तक दूर हो गई और रिहाई की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई।

**अमिताभ ठाकुर को 9 जनवरी को वाराणसी कोर्ट से जमानत मिली थी। इसके बाद 19 जनवरी को देवरिया कोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में उन्हें जमानत दे दी थी। उन्हें एक -एक लाख रुपए के दो बांड और दो जमानतदार पेश करने थे। इस बीच लखनऊ के तालकटोरा थाने में दर्ज एक अन्य मामले में वारंट बी जारी हो गया। जिसके चलते ये प्रक्रिया यहीं रुक गई।**

# पैदल युवक को बचाने के प्रयास में बाइक फिसली

### पति गंभीर रूप से घायल, पत्नी को आईं मामूली चोटें

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मद-पुर खाला थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। हादसे में पति की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।


जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बिहूरा गांव निवासी राम मनोहर (40) अपनी पत्नी सावित्री प्रसाद के साथ छेदा से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे मोहारी पुलिया के पास पहुंचे, तभी अचानक सामने एक पैदल युवक आ गया। उसे बचाने के प्रयास में राम मनोहर ने बाइक को मोड़ने की कोशिश की, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और फिसलकर सड़क पर गिर पड़ी। हादसे में बाइक सवार राम मनोहर को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी सावित्री को हल्की चोटें लगीं। दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग जमा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मोहम्मदपुर खाला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 102 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राम मनोहर की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, सावित्री प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा पैदल युवक को बचाने के प्रयास में हुआ है। मामले की जानकारी दर्ज कर ली गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहारी पुलिया के पास आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं।



# यूपी के बीपीएससी टीचर ने की खुदखुशी

**आत्महत्या**

## लिखा-अब मन नहीं, सॉरी, चाचा बोले- नौकरी से परेशान था, आखिरी बार मां से बात की थी



सौरभ के कमरे से ये सुसाइड नोट मिला है।



सौरभ गुप्ता मृतक

तमसा संकेत, एजेंसी

आरा(भोजपुर) । भोजपुर में BPSC टीचर ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान सौरभ गुप्ता (25) के रूप में हुई है। सौरभ उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के लालगंज बाजार के रहने वाले थे।

सौरभ की लाश पंखे से लटकी हुई मिली है। पिछले साल नौकरी जॉइन की थी। सौरभ की पोस्टिंग पीरो प्रखंड के तार मध्य विद्यालय में थी।

कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। जिस में लिखा है, 'बस अब मन नहीं है किसी चीज का SORRY'।

सौरभ के साथी शिक्षक ने बताया कि, वह बहुत ही शांत स्वभाव का था। स्कूल में पढ़ाने के बाद अपनी पढ़ाई से मतलब रखता था। वो यूपी स्टेट परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था। अचानक सौरभ ने ऐसा फैसला क्यों किया ये बताना मुश्किल है।

### दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर गई पुलिस

सौरभ पीरो नगर वार्ड नंबर 11 में किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर मकान मालिक को अनहोनी की आशंका हुई। काफी आवाज देने के बाद भी जब अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो मकान मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे के अंदर पंखे से सौरभ की लाश लटक रही थी। कमरे का सारा सामान अपनी जगह पर पड़ा था। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, तो बेड पर एक सुसाइड नोट मिला। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया है। सौरभ का मोबाइल भी पुलिस ले कर गई है।

> परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। सौरभ कुमार गुप्ता पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। परिवार के लोगों का कहना है कि सौरभ पढ़ाई के अलावा किसी चीज से मतलब नहीं रखता था। सबके साथ मिलकर रहता था। उसने अचानक सुसाइड क्यों किया कुछ समझ नहीं आ रहा है।



पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया शव।

### नौकरी को लेकर परेशान था

मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन भी आरा पहुंचे। सौरभ के चाचा नीरज कुमार गुप्ता ने बताया 'रविवार देर शाम सौरभ ने अपनी मां-भाई से फोन पर बात की थी। उसने अपनी मां से कहा था कि वो खाना बना रहे हैं, सब ठीक है। इसके बाद सूचना मिली कि उसने सुसाइड कर लिया है। काफी अच्छा लड़का था। कोई लड़की नहीं, कोई झंझट नहीं रखता था। हां कुछ दिनों से नौकरी को लेकर थोड़ा परेशान था। कहता था कि मन नहीं लग रहा है। हमलोगों ने छुट्टी लेकर घर आने को भी कहा था।'

# पवन सिंह ने लाइव शो में शादी का ऑफर दिया



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह ने एक एक्ट्रेस को शादी का ऑफर दिया है। वह एक लाइव शो में थे। एक्ट्रेस और पवन सिंह के बीच सवाल-जवाब हो रहा था। एक्ट्रेस ने कहा- वह लड़का खोज रही हैं। इस पर पवन सिंह ने खुद का ही प्रपोजल उन्हें दे डाला। सोशल मीडिया पर 3:26 मिनट की एक क्लिप सामने आई है। पवन सिंह स्टेज पर एक एक्ट्रेस के साथ खड़े हैं। उससे पूछते हैं- 'आपकी शादी हो गई?' वह कहती हैं, 'जी अभी तो नहीं। ढूंढ रहे हैं कोई लड़का। कोई लड़का ढूंढ रहे हैं, सुंदर, सुशील, टिकाऊ, जुझारु, संस्कारी, कमाऊ। कोई हो तो बताओ।' जवाब देते हुए पवन सिंह ने कहा- 'कोई हो तो क्या बताना है, सामने दिख रहा है, आप देख लीजिए। चुन लीजिए, इसमें क्या है क्या नहीं है। किस चीज की कमी है ये भी बता दीजिए।

सांवला हूं, काला हूं, कमासुत हूं ही। सुंदर नहीं हूं, संस्कार है। टिकाऊ हूं। फैशन के जमाने में गारंटी नहीं भइया। सिर्फ वारंटी। लेकिन इतना जरूर बोलूंगा कि ये लड़का टिकाऊ ही है। अब सामने वाला न ठीक हो तो उसकी बात ही अलग है। लेकिन मैं टिकाऊ हूं। मैं टिकाऊ हूं, था और रहूंगा।'

एक्ट्रेस ने कहा- 'आजकल के लड़के तो आपको पता है। सुबह कहते हैं हाय और शाम को कहते हैं बाय। लेकिन जमाना उल्टा हो गया है। यहां शाम को कहते हैं हाय और सुबह कहते हैं बाय।'

इस पर पवन सिंह बोले- 'लड़के? लेकिन आजकल लड़कियां भी न, यहां बोलती हैं कि आई लव यू, ठीक है।

**फास्ट न्यूज**

### मरुधर एक्सप्रेस के एसी कोच में महिला से छेड़छाड़

आगरा । आगरा के फोर्ट स्टेशन पर मरुधर एक्सप्रेस के एसी कोच में कुछ युवकों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। इस पर भाई और महिला के पति ने इसका विरोध किया। लगभग 10 लड़के थे। इसलिए महिला के भाई और पति को बहुत मारा। भाई ने एक युवक को पकड़ लिया और GRP थाने ले गया। महिला ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस ने आरोपी युवक पर कार्रवाई न करने और उसे जाने देने का दबाव बनाया।

### मां मुझे सुकून चाहिए, लिखकर छात्र ने सुसाइड किया

कानपुर । कानपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र ने सुसाइड कर लिया। मंगलवार सुबह कोचिंग जाने के लिए दोस्त ने फोन किया। कॉल रिसीव न होने पर वह छात्र के कमरे में पहुंचा तो देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा था। उसने घरवालों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फारेंसिक टीम ने जांच की। फॉरेंसिक टीम को छात्र की जेब से 2 पेज का एक सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा था- राधा काश तुम मुझे छोड़कर न जाती तो मैं भी साथ चलता। मां मुझे सुकून चाहिए, मैं तुम्हें छोड़ कर जा रहा हूं।

### कानपुर में बीच बाजार छात्र को 22 थप्पड़ जड़े

कानपुर । कानपुर में 6 दबंगों ने बीकॉम छात्र को बीच बाजार दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। गालियां दीं। छात्र रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन दबंग नहीं माने। उन्होंने छात्र पर मुक्कों-घूसों से पीटा। उसे धक्का देकर गिरा दिया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। 39 सेकेंड के वीडियो में दबंगों ने एक के बाद एक छात्र को 22 थप्पड़-घूसे जड़े।

# सुनवाई: सहमति से फिजिकल रिलेशन बनाना अपराध नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शादी का झूठा वादा करने के मामले में एफआईआर रद्द की

तमसा संकेत, संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आपसी सहमति से फिजिकल रिलेशन को धोखाधड़ी मानने से इनकार कर दिया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा- आपसी सहमति से बने फिजिकल रिलेशन को बाद में धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता। यह केवल रिश्ता टूटने से होने वाली निराशा है।

कोर्ट ने कहा- बीएनएस की धारा-69 केवल धोखे या छल से बनाए गए संबंधों को दंडित करती है, न कि आपसी सहमति से बने रिश्तों के टूटने से उत्पन्न निराशा को। धारा-69 में शादी का झूठा वादा करके धोखे से संबंध बनाना है। इसमें जुर्म साबित होने पर 10 साल तक की अधिकतम सजा का प्रावधान है। हाईकोर्ट के जज



सिद्धार्थ वर्मा और अब्दुल शाहिद की खंडपीठ ने यह टिप्पणी करते हुए FIR रद्द करने का आदेश दिया है। मामला नोएडा का है। 12 दिसंबर 2024 को एक युवती ने सेक्टर-63 थाने में एक युवक पर धमकाने, हमला और शादी का झूठा वादा करके रिलेशन बनाने (धारा-69) के आरोप में FIR दर्ज कराई। आरोपी युवक ने FIR रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। युवक के वकील ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि युवती और आरोपी युवक ने जोधपुर में एलएलएम की एक साथ पढ़ाई की थी। इस दौरान दोनों में दोस्ती हुई। दोनों ने शादी करने की सहमति बनी। जून 2023 में दोनों की सगाई हुई थी।

### कोर्ट ने कहा- धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता

कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि याची की तरफ से शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी थी। बाद में किन्हीं कारणों से रिश्ता टूट गया। दोनों के बीच मनमुटाव आ गया। कोर्ट ने पाया कि शादी का जो वादा किया था, वह सच्चा था। उसे पिछली तारीख से धोखाधड़ी नहीं माना जा सकता है।

## 'राष्ट्रवाद, युवा शक्ति एवं शिक्षा से शिखर की ओर भारत' विषय पर बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित

# शिक्षा, नवाचार और युवा शक्ति के बल पर भारत बनेगा विश्व गुरु : सुधीर गिरि

**इक्कीसवीं सदी में नई दिशा देने को तैयार है राष्ट्रवादी और सशक्त भारत: डॉ. राजीव त्यागी**

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में शुक्रवार को "राष्ट्रवाद, युवा शक्ति एवं शिक्षा से शिखर की ओर भारत" विषय पर एक भव्य बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएस-एस) के बौद्धिक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री सुशील जी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म एवं संप्रदाय की संकीर्णताओं से ऊपर उठकर राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ अखंड भारत के निर्माण में सहभागी बनें।



उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है और यही युवा शक्ति भारत को वैश्विक शांति, सामाजिक समरसता, उच्च शिक्षा, नवाचार और शोध के माध्यम से विश्व का नेतृत्वकर्ता बना सकती है। साथ ही उन्होंने युवाओं से चीन एवं पाकिस्तान के कब्जे वाले भारतीय भू-भाग को वापस लेने हेतु राष्ट्रीय जागरूकता अभियान से जुड़ने का संकल्प भी दिलाया।

मुख्य अतिथि सुशील जी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र और पुनः विश्व गुरु बनाना है, तो इसके लिए शिक्षा, सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद और युवा शक्ति का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के बाद वहां हो रहे तीव्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पाकिस्तान एवं चीन अधिकृत भारतीय भू-भाग पुनः भारत में सम्मिलित होंगे, तब भारत निःसंदेह संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन करेगा। प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि शिक्षा से सशक्त, युवा शक्ति से ऊर्जावान और राष्ट्रवाद से प्रेरित भारत इक्कीसवीं सदी में विश्व को नई दिशा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भारत ज्ञान, शक्ति, शांति और मानवता के मूल्यों के साथ वैश्विक नेतृत्व करेगा। यह बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर है, जिस पर आने वाले समय में पूरी दुनिया गर्व करेगी।

**वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सुशील जी, प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रचारक योगेन्द्र जी, महान कवयित्री डॉ. मधु चतुर्वेदी, डॉ. राहुल अवस्थी, भाजयुमो अध्यक्ष शुभम चौधरी सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।**

## 3 एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के बाद भी बिगड़ी तबीयत, कुत्तों की तरह करने लगा था हरकतें


# 5 साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा, मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा । आगरा में 5 साल के बच्चे की कुत्ते की काटने से मौत हो गई। कुत्ते ने घर के बाहर खेलते समय बच्चे के सिर और चेहरे पर काट लिया था। पिता ने कहा- उसे 3 रैबीज के इंजेक्शन लगवाए गए थे, फिर भी उसकी हालत बिगड़ती गई। वह कुत्तों की तरह हरकतें करने लगा। परिवार के लोग उसे आगरा और फिर दिल्ली ले गए।

सफदरजंग अस्पताल से लौटने के बाद बच्चे की मौत हो गई। पूरा मामला पिनाहट थाना क्षेत्र के अतैयापुरा गांव की है।

कुंवर सिंह अपने परिवार के साथ पिनाहट के अतैयापुरा गांव में रहते



अनुस उर्फ छोटू, मृतक

हैं। उनके साथ उनकी पत्नी मनीषा और 3 बच्चे सुरभि (10) , मोहित (8), छोटू (5) रहते थे। कुंवर सिंह ने बताया- 9 जनवरी को मैं गांव से बाहर कुछ काम से गया था। घर पर मेरी पत्नी और बच्चे थे।

उन्होंने बताया- घर के बाहर की शाम के समय मेरा सबसे छोटा बेटा छोटू खेल रहा था। अचानक एक पागल



ये तस्वीर 9 जनवरी की है जब बच्चे को कुत्ते ने काट लिया था।

### गांव में कुत्ते के काटने से भैंस की मौत

अतैयापुरा गांव में 7 जनवरी का कुत्ते ने एक भैंस को काट लिया था। ममता ने बताया- दो दिन बाद मेरे भैंस की भी मौत हो गई थी। एक पागल कुत्ते ने पूरे गांव में दहशत फैला रखी है। रात के समय गांव के कई घरों की छतों पर टहलता है।

कुत्ता आया और उसने छोटू को काटने की कोशिश की। इससे वह डर कर गिर गया। वहां कुत्ते ने उसके सिर और चेहरे पर काट लिया।

पत्नी और अन्य परिवार के लोग बच्चे को लेकर पिनाहट सीएचसी लेकर पहुंचे। पत्नी मनीषा ने कहा- वहां डॉक्टरों ने उसे नहीं देखा। पर्चा बनाकर भेज दिया। इसके बाद हम लोग उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए।

### पिता बोले- पहले इंजेक्शन के बाद दोबारा हम सीएचसी पहुंचे

पिता कुंवर सिंह ने बताया- 9 को एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने के बाद हम दोबारा सीएचसी पिनाहट गए। फिर 12 और 16 जनवरी को टीका लगवाया। तीसरा वैक्सीनेशन लगवाने के बाद बेटे को बुखार आ गया और उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। वह अजीब सी हरकतें करने लगा। फिर 17 जनवरी को हम उसे आगरा के एसएन मेडिकल कालेज में ले गए। दो दिन के इलाज के बाद भी कुछ फायदा नहीं। इसके बाद हम उसे घर ले आए। लेकिन बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी तो हम उसे 26 जनवरी को दोबारा आगरा ले गए। लेकिन इस बार डॉक्टरों ने जवाब दे दिया।

हम लोग इसके बाद 27 जनवरी को बच्चे को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने मना कर दिया।

# गाजियाबाद में एक बेकाबू कार ने महिला-बच्ची को रौंदा

## 50 मीटर तक बोनट पर लटकी रही

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद । गाजियाबाद में एक बेकाबू कार ने महिला और बच्ची को रौंद दिया। टक्कर के बाद महिला कार की बोनट पर करीब 50 मीटर तक लटकी रही। इसके बाद वह सड़क पर गिर पड़ी, जिससे उसका पैर टूट गया।

वहीं, बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया गया है। हादसे में एक स्कूटी समेत 3 अन्य वाहन भी चपेट में आ गए, जिससे मौके पर दहशत फैल गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार को कब्जे में ले लिया है। साथ ही आरोपी चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह घटना विजयनगर थाने की सैन चौक की है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा



सकता है कि एक महिला अपनी 6 साल की बच्ची के साथ घर से बाहर निकलती है। कुछ दूर जाने के बाद वह रास्ते में रुकती है और फिर वापस लौटने लगती है। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को चपेट में ले लिया। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर आगे बढ़ती है और सड़क पर चल रही महिला और उसकी 6 साल की बच्ची को कुचल देती है। पुलिस ने बताया- स्विफ्ट डिजायर कार संख्या DL 8CBK 7634 ने मान सरोवर पार्क निवासी महिला मुस्कान, पत्नी श्याम सुंदर, को टक्कर मार दी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'पीडीए और...

इसके अलावा अखिलेश यादव ने कहा, 'मुझे भी लोकसभा छोड़ कर के आपसे बातचीत करने मौका मिला. फॉर्म सेवन को लेकर के पूरे प्रदेश से जगह-जगह से खबर आ रही है. उसमें भारतीय जनता पार्टी बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी कर रही है. जिस समय से मुझे ये सूचना मिलनी शुरू हुई, उसी समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से हम लोगों ने जानकारी हासिल करा दी और सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत भी की और हमारे कार्यालय में जो पदाधिकारी हैं और कार्यालय को जो देखते हैं, उन्होंने भी जानकारी हासिल करना शुरू किया और चुनाव आयोग को लिखित शिकायतें दी हैं. लिखित शिकायतें देने के बाद फॉर्म सेवन की धांधली के सबूतों के बाद हमारी मांग है कि डाउनलोडेड फॉर्म के सत्यापन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था हो. कागजी फॉर्मेट नहीं, फॉर्म हो मतलब हर फॉर्म पर नंबरिंग हो.

### फॉर्म-7 जमा करने...

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर यही स्थिति रही तो चुनाव आयोग को अपने दफ्तर पर भाजपा का झंडा लगा लेना चाहिए। सपा प्रमुख ने पीडीए प्रहरी से अपील की कि एक भी वोट कटने न पाए और लोकतंत्र के इस अधिकार की हर स्तर पर रक्षा की जाए।

### लोकसभा में राहुल...

इसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।

सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाना: लोकसभा स्पीकर उस सांसद के नाम का ऐलान कर सकते हैं, जिसने आसन की मर्यादा तोड़ी हो या नियमों का उल्लंघन किया हो और जानबूझकर सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाई हो।जब स्पीकर ऐसे सांसदों के नाम का ऐलान करते हैं, तो वह सदन के पटल पर एक प्रस्ताव रखते हैं। प्रस्ताव में हंगामा करने वाले सांसद का नाम लेते हुए उसे सस्पेंड करने की बात कही जाती है।इसमें सस्पेंशन की अवधि का जिक्र होता है। यह अवधि अधिकतम सत्र के खत्म होने तक हो सकती है। सदन चाहे तो वह किसी भी समय इस प्रस्ताव को रद्द करने का आग्रह भी कर सकता है।

अब जानते हैं कि नियम 374ए क्या कहता है: 5 दिसंबर 2001 को रूल बुक में एक और नियम जोड़ा गया है। इसे ही रूल 374ए कहा जाता है। यदि कोई सांसद स्पीकर के आसन के निकट आकर या सभा में नारे लगाकर या अन्य प्रकार से कार्यवाही में बाधा डालकर जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर इस नियम के तहत कार्रवाई की जाती है।

### यूपी में 32,679...

भर्ती बोर्ड ने 32,679 कांस्टेबल और समकक्ष पदों के लिए 31 दिसंबर 2025 को नोटिफिकेशन जारी किया था। आवेदन प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 30 जनवरी 2026 तक चली थी। लिखित परीक्षा 300 नंबर की होगी। 2 घंटे में 150 सवाल पूछे जाएंगे। हर एक सवाल 2 नंबर का होगा। नेगेटिव मार्किंग व्यवस्था खत्म कर दी गई है। न्यूनतम पासिंग मार्क्स यानी पास होने के न्यूनतम नंबर भी निर्धारित किए हैं।

लिखित परीक्षा में पास होने वाले कैंडिडेट्स ही फिजिकल टेस्ट में शामिल हो सकेंगे। फाइनल मेरिट में भी लिखित परीक्षा के नंबर जोड़े जाएंगे। हालांकि UPPRPB ने फिजिकल टेस्ट में शामिल होने के लिए लिखित परीक्षा पास करने के न्यूनतम पासिंग मार्क्स निर्धारित किए हैं।

31 दिसंबर की शाम योगी सरकार ने 32, 679 पदों पर सीधी भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था। इनमें सिविल पुलिस के अलावा PAC, विशेष सुरक्षा बल यानी SSF, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस और जेल वार्डर तक के पद शामिल थे।

### ईसी ने 6 पत्रों का...

चार राज्य बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम में चुनाव होने है। SIR तीन राज्यों में हो रहा है, लेकिन भाजपा-शासित असम में नहीं। क्योंकि वह 'डबल इंजन' राज्य है।

पहले चरण में 58 लाख नाम हटाए गए हैं। पीड़ित लोगों को खुद का बचाव करने का कोई मौका नहीं दिया गया। हकीकत की जांच किए बिना आर्टिफिशि-यल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मैंने चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। हमारे लोग आयोग के प्रतिनिधिमंडल से मिले, फिर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

दिल्ली की प्रेस को शायद यह अंदाजा नहीं है कि बंगाल में क्या हो रहा है। इसमें आपकी गलती नहीं है, यह आज की व्यवस्था की गलती है, जहां असली मुद्दे सही तरीके से सामने नहीं आ पाते।

### 'यूपी पुलिस मारे नहीं...

उन्हें ट्रेनिंग ही इस बात की दी गई है कि अपराधी जिस भाषा में समझे, उस भाषा में समझाने का काम करे।'

ये बातें CM योगी ने मंगलवार को कहीं। वे लखनऊ में यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी थे। इस दौरान सरकार ने 11 कंपनियों के साथ MoU किया। इसके तहत मेडिकल डिवाइस और नई दवाओं पर मिलकर शोध किया जाएगा।

योगी ने कहा- 2017 में पीएम मोदी ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी। जब हमने देखा तो तय किया कि जीरो टॉलरेंस। चूज एंड पिक से काम नहीं चलेगा यानी अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उस पर एक्शन होगा। अपना पराया कुछ नहीं होगा। जब हमने एक्शन शुरू किया, प्रयास किया कि कानून के दायरे में रहकर करें, लेकिन कई बार अगर कोई कानून से डर नहीं रहा था, तो ऐसे व्यक्ति को कानून के दायरे में लाकर कानून की भाषा समझाना तात्कालिक परिस्थिति हो जाती है।

### इंजीनियरिंग, कपड़ा...

राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने PM मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया। यह ट्रेड डील भारत की इकॉनमी के लिए, भारत के सभी 140 करोड़ नागरिकों के लिए, गांवों में रहने वाले हर गरीब व्यक्ति, किसान, मछुआरे, नौजवान और महिला, हमारी बहनों और महिलाओं के लिए बहुत सारे मौके लाएगी।

### युमनाम खेमचंद सिंह...

9 फरवरी 2025 को बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। 12 फरवरी 2026 राष्ट्रपति शासन खत्म हो रहा है।

युमनाम खेमचंद सिंह पारंपरिक ताइक्वांडो में 5th डैन ब्लैक बेल्ट पाने वाले भारतीय भी हैं। उन्हें इसका प्रमाणपत्र 30 दिसंबर 2025 को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में ग्लोबल ट्रेडिशनल ताइक्वांडो फेडरेशन (GTTF) के ऑफिस में दिया गया था।

ताइक्वांडो और अन्य मार्शल आर्ट्स में डैन (Dan) का मतलब होता है ब्लैक बेल्ट के स्तर। ब्लैक बेल्ट मिलने के बाद आगे की सभी रैंक को डैन कहा जाता है।

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई थी। इसमें अब तक करीब 260 लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। राज्य में करीब दो साल तक हिंसा न रोक पाने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली BJP सरकार ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दे दिया था।

इसके बाद 60 सदस्यीय विधानसभा को निलंबित कर दिया गया। बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। 12 फरवरी 2026 राष्ट्रपति शासन खत्म होने की आखिरी तारीख है।

मणिपुर में भाजपा सरकार का कार्यकाल 2027 तक है।

## मुंबई में 12 और कोलंबो में 8 टीमों के कप्तान शामिल होंगे, टूर्नामेंट 7 फरवरी से

# दो शहरों में होगा टी-20 वर्ल्डकप का कैप्टन्स डे

**कार्यक्रम**

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। इससे पहले, 5 फरवरी को ICC ने कैप्टन्स डे रखा। कैप्टन्स डे दो शहरों मुंबई (भारत) और कोलंबो (श्रीलंका) में होगा। कैप्टन्स डे एक मीडिया कार्यक्रम है, जहां कप्तान मीडिया से बात करेंगे।



भारतीय टीम टी-20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है।

मुंबई में होने वाले कैप्टन्स डे मीट में कुल 12 टीमों के कप्तान हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम 5 फरवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तान शामिल होंगे। सभी कप्तानों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मीडिया से बातचीत के दौरान टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। 5 फरवरी को कोलंबो में भी कैप्टन्स डे का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, नीदरलैंड, ओमान, पाकिस्तान, यूएई और जिम्बाब्वे की टीमों के कप्तान शामिल होंगे।

> ग्रुप-1 की प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 3:00 बजे और ग्रुप-2 की प्रेस कॉन्फ्रेंस 3:30 बजे शुरू होगी। यह कैप्टन्स डे मीट बीसीसीआई ऑफिस वानखेड़े स्टेडियम (मुंबई) में आयोजित की जाएगी।

### भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट

भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिनहले स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम पर मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

# एक गलती और 3 देशों को करोड़ों का फटका!

## पूर्व आईसीसी अधिकारी ने बीसीसीआई के फैसले पर दागे तीखे सवाल

नई दिल्ली। आईसीसी के पूर्व अधिकारी समी उल हसन बर्नी ने बीसीसीआई की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाए हैं। उनका मानना है कि अगर बीसीसीआई बांग्लादेशी तेज गेंदबाजी मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने का आदेश नहीं देता और इस मामले को चुपचाप सुलझा लेता तो आज टी20 विश्व कप 2026 से पहले पाकिस्तान के भारत से मैच बॉयकॉट जैसा विवाद देखने को न मिलता। दरअसल, समी उल हसन बर्नी, जिन्होंने बाद में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मीडिया निदेशक के रूप में काम किया है, उन्होंने कहा कि अनावश्यक सार्वजनिक संचार के कारण स्थिति और बिगड़ गई।बर्नी ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया कि अगर क्रिकेट प्रशासक



ज्यादा सतर्क होते और बांग्लादेश के किसी खिलाड़ी को फ्रेंचाइजी से हटाने का सुझाव देने वाले सार्वजनिक बयान देने से बचते, तो इस स्थिति से आसानी से बचा जा सकता था। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि कभी-कभी हम गलत फैसला ले लेते हैं और उस वजह से ऐसी बात कह बैठते हैं जिसका बहुत बड़ा असर पड़ता है। 3 जनवरी को जो घोषणा की गई थी, वह भी ऐसी ही एक गलती का नतीजा था। बता दें कि उस्मान बर्नी पहले 'डॉन' अखबार में पत्रकार थे। इसके बाद, उन्होंने दुबई में ICCके मुख्यालय में 10 साल से ज्यादा समय तक काम किया। पिछले साल तक वे PCB के मीडिया डायरेक्टर भी थे। इस दौरान उन्होंने पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी के काम करने के तरीके के बारे में भी कुछ खास बातें बताईं। बर्नी के मुताबिक, नकवी का कहना है कि ICC का बांग्लादेश के मैच भारत से श्रीलंका शिफ्ट न करने का फैसला गलत है। ये ICC के पुराने फैसलों के बिल्कुल उलट है और इसमें निरंतरता की कमी है। नकवी का तर्क है कि ICC दो तरह की बातें कर रहा है। जब भारत की बारी थी, तो नियम कुछ और थे और जब बांग्लादेश की बारी आई, तो नियम बदल दिए गए।

## इंडिया से मैच बॉयकॉट विवाद पर पूर्व कप्तान का तीखा हमला

# 'पाकिस्तान का भविष्य धुंधला है'

- पाकिस्तान ने इंडिया के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने से किया इनकार
- इंडिया से मैच बॉयकॉट पर पूर्व भारतीय कप्तान ने दिया बेबाक बयान
- पाकिस्तान की हालात नहीं सही- कपिल देव

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान ने इंडिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच को खेलने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि नेशनल टीम टूर्नामेंट में हिस्सा तो लेगी, लेकिन इंडिया के खिलाफ मैच का वो बहिष्कार करेंगे। ऐसे में बॉयकॉट विवाद के बीच भारतीय क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव ने निराशा जताई है। उनका मानना है कि इस तरह के कदम से ना केवल पाकिस्तान क्रिकेट की साख पर असर पड़ेगा, बल्कि वहां मौजूद खिलाड़ियों के फ्यूचर पर भी भारी असर पड़ सकता है। उन्होंने साफ कहा कि अगर भारत के खिलाफ मैच न खेलने का फैसला खिलाड़ियों का होता तो वो खुलकर सामने आ सकते थे, लेकिन



अगर ये फैसला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से उन पर थोपा गया है, तो इससे देश की प्रतिष्ठता को ठेस पहुंच सकती है।

दरअसल, पूर्व भारतीय कप्तान ने न्यूज चैनल एनडीटीवी से खास बातचीत में पाकिस्तान के इंडिया मैच बॉयकॉट करने के फैसले को उनके देश के लिए ही खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा दुनिया को बेहतरीन क्रिकेट टैलेंट दिया है, लेकिन अगर खिलाड़ियों को विश्व कप जैसे मंच पर खेलने से रोका जाएगा, तो इसका नुकसान आगे आने वाली पीढ़ियों को होगा। उनका कहना है कि आप अपने ही खिलाड़ियों के साथ अन्याय कर रहे हैं और खेल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने आखिर में कहा कि इस फैसले का भावनात्मक असर जरूर पड़ता है, लेकिन लंबे समय में लोग इसे भूल जाते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। उनके कहने का मतलब ये ही था कि खेल चलता रहता है , लेकिन जो टीमें मौके गंवाती हैं, उन्हें इतिहास ज्यादा देर तक याद नहीं रखता।

## इंजर्ड ईशान मलिंगा भी शामिल, धनंजय डी सिल्वा को जगह नहीं, दासुन शनाका कप्तान

# श्रीलंका के वर्ल्ड कप स्क्वॉड में कामिंडु मेंडिस की वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए फाइनल स्क्वॉड रिलीज कर दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 खेलने वाले धनंजय डी सिल्वा को बाहर कर कामिंडु मेंडिस की वापसी हो गई। इंजर्ड पेसर ईशान मलिंगा भी टीम का हिस्सा हैं। ऑलराउंडर दासुन शनाका टीम की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

कामिंडु मेंडिस इंग्लैंड और पाकिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। वे 2025 में 19.87 के औसत से 159 रन ही बना सके। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी 130.32 का ही रहा। वे 12 मुकाबलों में महज 6 ओवर ही




बॉलिंग भी कर सके। कामिंडु की खासियत यह है कि वे दोनों हाथों से स्पिन गेंदबाजी कर लेते हैं।

श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और जिम्बाब्वे के साथ है। टीम ग्रुप स्टेज में अपने सभी मैच होम ग्राउंड पर ही खेलेगी। श्रीलंका 8 फरवरी को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। टीम 12 फरवरी को ओमान, 16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और 19 फरवरी को जिम्बाब्वे से भिड़ने वाली है। 2 मुकाबले कोलंबो और 2 पल्लेकेले में खेले जाएंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शतक लगाने वाले बैटर पवन रत्नायके को भी वर्ल्ड कप टीम में जगह मिल गई। वे 4 टी-20 में 45 रन ही बना पाए हैं। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 145 से ज्यादा का रहा। वहीं तेज गेंदबाज प्रमोद मदुषन को बाहर कर दिया।



### प्लेइंग-11 में आ सकते हैं वेल्लालागे

धनंजय डी सिल्वा को बाहर करने के बाद टीम अब 23 साल के लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर दुनिथ वेल्लालागे को भी प्लेइंग-11 में शामिल कर सकती है। हालांकि, वे श्रीलंका के लिए 6 ही टी-20 खेल सके हैं। वे वनडे टीम में जरूर रेगुलर रहते हैं, लेकिन टी-20 में अपनी जगह फिक्स नहीं कर पाए। वेल्लालागे को फ्रेंचाइजी लीग में जरूर टी-20 खेलने का अनुभव है। उन्होंने एमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका-ए की कप्तानी भी की थी।

## मनोरंजन

## हाथ में बंदूक, बदला और जुनून के साथ दिखा रणवीर सिंह का नया अवतार, डायलॉग डिलीवरी भी शानदार

# धुरंधर 2 का टीजर रिलीज

नई दिल्ली, एजेंसी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 का टीजर रिलीज हो चुका है। 1 मिनट 12 सेकेंड के इस टीजर में रणवीर सिंह एक बार फिर अपने दमदार और खतरनाक अवतार में नजर आ रहे हैं।

टीजर की शुरुआत रणवीर सिंह के नए लुक से होती है। हाथ में बंदूक, छोटे बाल और आंखों में झलकती लड़ाई की आग उनके किरदार को और भी ज्यादा खौफनाक बना देता है।

रणवीर सिंह के किरदार जसकीरत सिंह रंगी का हमजा में बदलता हुआ रूप दिखाया गया है। यह बदलाव दर्शकों के मन में कई





सवाल खड़े करता है, जिसे देखने के बाद पता चलता है कि कुछ ऐसे हालात बनते हैं, जिनकी वजह से हमजा को देश के लिए अपनी पहचान दांव पर लगाकर खतरनाक गैंग्स के बीच घुसना पड़ता है।

जैसे-जैसे टीजर आगे बढ़ता है रणवीर सिंह एक बार फिर हमजा अली मजारी के किरदार में नजर आते हैं। शुरुआत से लेकर अंत तक टीजर एक्शन और वायलेंस से भरपूर है।

टीजर देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार हमजा की पावर और रुतबा पहले से कहीं ज्यादा बढ़ चुका है। इतना ही नहीं उसका अंदाज अब और भी ज्यादा आक्रामक हो गया है।

टीजर में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन की भी झलक देखने को मिलती है, जिससे कहानी का टकराव और स्केल और बड़ा लगता है।

ये नया हिंदुस्तान है ये घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।

धुरंधर 2 का टीजर रिलीज हुए एक घंटा हो चुका है और इस दौरान इसे करीब 8 लाख 33 हजार 27 व्यूज मिल चुके हैं।


वहीं, फिल्म के टीजर से पहले मेकर्स ने नया पोस्टर भी जारी किया था, जिसमें रणवीर सिंह बेहद डरावने अवतार में दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा है, अब बिगड़ने का वक्त आ गया है।

| भारत में धुरंधर का कलेक्शन |
|---|
| पहला हफ्ता- 218.00 करोड़ रुपए |
| दूसरा हफ्ता- 261.50 करोड़ रुपए |
| तीसरा हफ्ता- 189.30 करोड़ रुपए |
| चौथा हफ्ता- 115.70 करोड़ रुपए |
| पांचवां हफ्ता- 35.80 करोड़ रुपए |
| 32वां दिन (सोमवार)- 5.40 करोड़ रुपए |
| 33वां दिन (मंगलवार)- 5.70 करोड़ रुपए |

# रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार की एंट्री

## विलेन के किरदार में नजर आएंगे एक्टर

मुंबई। बॉलीवुड की चर्चित कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'गोलमाल' अब अपनी पांचवीं कड़ी के साथ दर्शकों के सामने आने वाली है और इस बार फिल्म में एक बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। खबर आ रही है कि अक्षय कुमार ने 'गोलमाल 5' में मुख्य विलेन के रूप में एंट्री की है, जो अजय देवगन और उनकी टीम के खिलाफ स्क्रीन पर दो-दो हाथ करेंगे। मुख्य कलाकारों में अजय देवगन फिर से इस फ्रैंचाइजी के मुख्य किरदार के रूप में नजर आएंगे, साथ ही अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और श्रेयस तलपड़े की वापसी भी तय है। इसके अलावा जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कलसेकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस लिस्ट में शामिल हैं। शरमन जोशी के वापस लौटने की





संभावना है, जबकि करीना कपूर खान की मौजूदगी पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार का विलेन के रूप में अभिनय इस फ्रैंचाइजी के लिए एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि पहले इस सीरीज में मुख्य रूप से हल्के-फुल्के कॉमेडी ग्राफ पर ही फोकस रहा है।

# रिवील होगा रणबीर कपूर का 'राम अवतार' होने वाला है रिवील



नई दिल्ली। रणवीर कपूर की रामायण 2026 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। हालांकि अब तक इसके किसी भी किरदार का लुक रिवील नहीं हुआ है लेकिन अब लगता है मेकर्स दर्शकों का इंतजार खत्म करते हुए कुछ खास रिवील करने वाले हैं। खबरों के मुताबिक, रामायण के मेकर्स मार्च में फिल्म के लिए एक ग्रैंड इवेंट ऑर्गनाइज कर रहे हैं। यह फिल्म का पहला इवेंट होगा, जिसमें किरदारों के फर्स्ट लुक रिवील किए जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह इवेंट गेटवे ऑफ इंडिया में ऑर्गनाइज किया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि डायरेक्टर नितेश तिवारी और प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने इवेंट के लिए इनवाइट्स देना भी शुरू कर दिया है। हालांकि यह कंफर्म नहीं है कि स्टार कास्ट के कौन-कौन से सदस्य इस इवेंट में शामिल होंगे, लेकिन रणबीर कपूर, साई पल्लवी, रवि दुबे और यश के वहां मौजूद रहने की उम्मीद है, क्योंकि वे फिल्म की लीड कास्ट हैं। मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक रामायण (Ramayana) का इवेंट राम नवमी पर 27 मार्च को गेटवे ऑफ इंडिया पर ऑर्गेनाइज किया जाएगा। रिपोर्ट में प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह भी बताया गया है कि इस इवेंट के लिए गेस्ट लिस्ट में राज्य और केंद्र सरकार के कई सीनियर नेता शामिल हैं। रामायण पार्ट I (Ramayana Part 1) इस साल दिवाली पर बड़ी रिलीज के तौर पर सिनेमाघरों में आने वाली है। यह फिल्म मशहूर हिंदू महाकाव्य की कहानी को दोहराएगी जो वाल्मीकि की रामायण पर आधारित है। फिल्म में यश, रावण का किरदार निभा रहे हैं वहीं साईं पल्लवी सीता का। जबकि सनी देओल भगवान हनुमान का किरदार निभा रहे हैं और रवि दुबे लक्ष्मण का किरदार निभा रहे हैं।

## अरिजीत सिंह से पश्चिम बंगाल मिलने पहुंचे एक्टर, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

# छत पर पतंग उड़ाते नजर आए आमिर






नई दिल्ली। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले लिया है। इसी बीच आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में से एक में आमिर खान पतंग उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं, जिस पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही लोग दोनों की मुलाकात की वजह भी जानना चाहते हैं। वीडियो में आमिर खान को पतंग उड़ाते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान एक्टर की टीम भी उनके साथ मौजूद नजर आ रही है। इसके अलावा दूसरे वीडियो में आमिर खान को कार से उतरते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान एक्टर पैपराजी का अभिवादन करते नजर आए। एक और वीडियो है, जिसमें वो अपनी कार में बैठे हैं और फोटोग्राफर्स उनकी एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद यूजर्स इस पर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि आमिर खान सिंगर को मनाने आए हैं, ताकि वह अपना फैसला बदल दें। हालांकि, अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि दोनों की मुलाकात की असल वजह क्या है।

> दरअसल, अरिजीत सिंह का घर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज में है। कलकत्ता टाइम्स के मुताबिक, आमिर खान दो दिन के लिए जियागंज में ही रुकेंगे, जहां वह कथित तौर पर अरिजीत सिंह के साथ किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।



## एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम आया ■ बेटा बलात्कार समेत 38 मामलों में आरोपी

# नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस ने यौन अपराधी को स्वीटहार्ट कहा

**घेराव**

**ओस्लो, एजेंसी**

नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संबंध सामने आने के बाद विवादों में घिर गई हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में उनका नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नॉर्वे के अखबार VG की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं।



दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। नॉर्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था, 'तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं।' कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'सॉफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी।

### तीन बार एपस्टीन से मिली थीं मेटे

फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, MM(मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयॉर्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं थे।

दूसरी ओर मेटे-मारिट के बेटे पर बलात्कार समेत 38 मामलों में मुकदमा चल रहा है। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं।



■ मेटे-मारिट ने 2001 में नॉर्वे के भावी राजा क्राउन प्रिंस हाकॉन से शादी की थी।

### मारियस के पास कोई रॉयल टाइटल नहीं है

मारियस होइबी, क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट और क्राउन प्रिंस हाकॉन की शादी से पहले के रिश्ते से पैदा हुए थे। इसलिए मारियस को कभी रॉयल टाइटल नहीं दिया गया। इसका मतलब है कि वह उत्तराधिकार की लाइन में नहीं है, यानी वह नॉर्वे के सिंहासन पर कभी नहीं बैठ सकते। रॉयल फैमिली ने साफ कहा है कि मारियस रॉयल हाउस का सदस्य नहीं है, वह एक आम नागरिक है। इससे फैमिली मुकदमे के प्रभाव को सीमित करने की कोशिश कर रही है। यानी यह रॉयल फैमिली का मामला नहीं, बल्कि एक आम व्यक्ति का है।

### सामान्य परिवार से निकल क्राउन प्रिंसेस बनी मेटे-मारिट

मेटे-मारिट नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस है। वे क्राउन प्रिंस हाकॉन की पत्नी हैं, जो नॉर्वे के राजा हाराल्ड पंचम के बेटे और सिंहासन के उत्तराधिकारी हैं। मेटे-मारिट का जन्म 19 अगस्त 1973 को नॉर्वे के दक्षिणी शहर क्रिस्टियानसैंड में हुआ था। उनकी उम्र अभी 52 साल है।

वे एक सामान्य परिवार से आती हैं। उनके पिता स्वेन ओ. होइबी एक पत्रकार थे। उनकी मां मारित त्जेसम बैंक क्लर्क थीं। माता-पिता के तलाक के बाद मेटे-मारिट अपनी मां के साथ रहती थीं।

1997 में उन्होंने एक बेटे मारियस बोरग होइबी को जन्म दिया, जो एक ऐसे व्यक्ति से था जिसका आपराधिक इतिहास था। उस समय वे सिंगल मदर थीं और खुद को सपोर्ट करने के लिए काम करती थीं।



■ मेटे-मारिट अपने बेटे मारियस बोर्ग होइबी के साथ एक इवेंट में जाते हुए।

### एपस्टीन ने मेटे को बताया था कि वह पत्नी की तलाश में थे

एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वॉलपेपर के लिए दो नग्न महिलाओं का सर्फबोर्ड लेकर चलते हुए फोटो सुझाने में कुछ गलत है। एक अन्य में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वह शादी करना चाहते हैं और पत्नी की तलाश में पेरिस आए है। उन्होंने कहा कि पेरिस अफेयर या अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन अगर पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इसपर मेटे-मारिट ने जवाब दिया, 'मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं।' मेटे-मारिट का जन्म नॉर्वे में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। ये खुलासे ऐसे समय में हुए हैं जब रॉयल फैमिली के लिए मुश्किल का दौर चल रहा है। मेटे-मारिट के बेटे मारियस बोर्ग होइबी पर बलात्कार का मुकदमा जिला अदालत में मंगलवार यानी आज से शुरू हुआ है। 29 वर्षीय मारियस पर चार महिलाओं के साथ बलात्कार सहित कुल 38 अपराधों के आरोप हैं, जिसमें हमला, ड्रग्स और अन्य मामले शामिल हैं।

**फास्ट न्यूज**

### रिलायंस ने खरीदी ऑस्कर जीतने वाली कंपनी की हिस्सेदारी

मुंबई। रिलायंस के जियो स्टूडियोज ने अवॉर्ड विनिंग प्रोडक्शन हाउस 'सिखिया एंटरटेनमेंट' में 50.1% हिस्सेदारी खरीद ली है। यह सौदा 150 करोड़ में हुआ है। इस पार्टनरशिप के जरिए

सिखिया एंटरटेनमेंट को 'पीरियड. एंड ऑफ सेंटेंस' (बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट) और 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' (बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म) के लिए ऑस्कर अवॉर्ड मिले चुके हैं।

### सेंसेक्स 2073 अंक चढ़ा, वजह- ट्रम्प ने टैरिफ घटाया

मुंबई । शेयर बाजार में आज यानी 3 फरवरी को तेजी रही। सेंसेक्स में 2073 अंक (2.54%) बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ। निफ्टी में 639 अंक (2.55%) की तेजी रही, ये 25,728 पर बंद हुआ। ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिस वजह से बाजार चढ़ा है।

रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.79% चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में बढ़त रही। वहीं निफ्टी 50 शेयरों में से 46 शेयरों चढ़कर बंद हुए।

### अडाणी पोर्ट्स का मुनाफा तीसरी तिमाही में 21% बढ़ा

मुंबई । अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 3,054 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 21% बढ़ा है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 2,520 करोड़ का मुनाफा हुआ था। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने संचालन से 9,705 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया।

# रहमान डकैत का बेटा कराची में गिरफ्तार

## पाक पुलिस ने बड़े बेटे को भी उतारा था मौत के घाट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के कराची में गैंगस्टर रहमान डकैत के बेटे को फिर से पुलिस ने धर दबोचा है। ल्यारी के खूंखार अंडरवर्ल्ड से जुड़े इस नाम ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं, क्योंकि उसके बेटे जिब्रान को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह आदमी पुराना अपराधी है, जो बार-बार जेल जा चुका है और अब भी उसी राह पर चल रहा था।

यह घटना सोमवार को हुई, जब कलाकोट पुलिस ने जिब्रान को पकड़ा। उसके पास से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि जिब्रान अब्दुल रहमान उर्फ रहमान डकैत का बेटा है और वह लंबे समय से अपराध की दुनिया में सक्रिय है।

कलाकोट थाने की पुलिस ने



विशेष ऑपरेशन में जिब्रान को कलाकोट इलाके से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कुछ रिपोर्टों में दो पिस्तौल और गोलियों का जिक्र भी है, लेकिन आधिकारिक बयान में एक पिस्तौल की बात कही गई है। जिब्रान के खिलाफ ल्यारी के कलाकोट थाने में 2023 और 2024 के बीच दो एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि वह ड्रग तस्करी, फिरौती के लिए अपहरण जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहा है।

## गर्भाशय निकाले, सिर की खाल नोची गई, सबूत छिपाने के लिए शव जलाए

# दावा : ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार

**तेहरान, एजेंसी**

ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए।

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए



जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है और शरीर पर सिगरेट के जलने के निशान छोड़ दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के शव बहुत कम या बिल्कुल नहीं लौटाए जाते क्योंकि शासन उन्हें पहले जला देता है ताकि यातना के निशान छिप जाएं। अब्दोल्लाही ने आरोप लगाया कि ईरान का इस्लामिक गणराज्य, खामेनेई के नेतृत्व में अपने लोगों के खिलाफ बलात्कार को हथियार बनाता है।

### ईरान में महिलाओं ने हिजाब उतार विरोध जताया था

ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुई हिंसा 15 जनवरी तक चली थी। ये प्रदर्शन अब तक के सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक माने जा रहे हैं। इनमें 5000 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। यह हिंसा महंगाई के खिलाफ भड़की थी। ईरानी मुद्रा रियाल की कीमत इतिहास में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। 1 अमेरिकी डॉलर की कीमत लगभग 1,455,000 से 1,457,000 रियाल (ओपन मार्केट रेट) हो गई।



■ विरोध प्रदर्शनों में कई प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। शवगृह के बाहर अपने परिजनों के शव ढूंढते लोग।

### गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों को जबरन नग्न किया, इंजेक्शन दिए

जर्मन अखबार डाई वेल्ट ने भी प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से ऐसी ही घटनाओं की रिपोर्ट की है। एक गवाह ने बताया कि अधिकारियों ने घायल महिलाओं को कूड़े के ढेर की तरह गाड़ियों में लोड किया और कहा, हम तुम्हें अभी नहीं मारेंगे। पहले बलात्कार करेंगे, फिर मारेंगे। इसके अलावा, ईरान में हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को जबरन नग्न किया गया और अज्ञात पदार्थों के इंजेक्शन दिए गए। द गार्जियन अखबार ने भी केरमानशाह शहर में 16 साल की एक लड़की सहित कई प्रदर्शनकारियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना रिपोर्ट की, जहां सुरक्षा बलों ने डंडो से उनके शरीर को गलत तरीके से छुआ और बुरी तरह पीटा।

## क्लिंटन दंपती अब एपस्टीन जांच में अमेरिकी हाउस के सामने गवाही देंगे

# एपस्टीन फाइल्स मामले में मुश्किल में यूएस के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन

**जांच**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी हिलेरी क्लिंटन एपस्टीन जांच में अमेरिकी हाउस के सामने पेश होंगे। वे अब कांग्रेस की जांच में गवाही देने को तैयार हो गए हैं। यह फैसला उन्होंने तब लिया जब इसकी अवहेलना करने पर उनपर अवमानना लग सकता था। यह जांच सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़ी है। उसकी मौत 2019 में हिरासत में हो गई थी। एपस्टीन के साथ दुनिया भर के बड़े-बड़े कारोबारी, राजनेता और



हस्तियां जुड़ी हुई थीं। क्लिंटन दंपती की एपस्टीन से पुरानी मुलाकातें और संपर्क इस जांच का मुख्य हिस्सा बने हुए हैं। क्लिंटन दंपती ने पहले समन को मानने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि ये समन वैध नहीं हैं क्योंकि इनका कोई स्पष्ट विधायी मकसद नहीं है। इसके बजाय उन्होंने लिखित शपथ-पत्र दिए थे, जिसमें एपस्टीन और उसकी साथी घिस्लेन मैक्सवेल के बारे में अपनी जानकारी बताई थी। बिल क्लिंटन ने माना कि उन्होंने 2000 के दशक में क्लिंटन फाउंडेशन के मानवीय कामों के लिए एपस्टीन के निजी जेट पर उड़ान भरी थी, लेकिन उन्होंने एपस्टीन के निजी द्वीप पर कभी जाने से इनकार किया। हिलेरी क्लिंटन ने कहा कि उनकी एपस्टीन से कोई खास बातचीत नहीं हुई, वे कभी उसके जेट पर नहीं चढ़ीं और न ही द्वीप पर गईं थीं।

**बिल और हिलेरी क्लिंटन एपस्टीन जांच में गवाही देंगे।**

**अवमानना से बचने के लिए दंपती ने गवाही का फैसला किया।**

**बिल क्लिंटन ने एपस्टीन के निजी जेट का उपयोग स्वीकार किया।**

### क्लिंटन दंपती अब देंगे गवाही

क्लिंटन के प्रवक्ता एंजेल उरेना ने एक्स पर पोस्ट किया कि पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन जांच के लिए पेश होंगे। उन्होंने लिखा, रपूर्व राष्ट्रपति और पूर्व विदेश मंत्री वहां होंगे। वे ऐसी मिसाल कायम करना चाहते हैं जो सभी पर लागू हो। यह फैसला ऐसे समय आया है जब हाउस में अवमानना रेजोल्यूशन पर वोट होने वाला था। हाउस ओवरसाइट कमिटी ने पिछले हफ्ते क्लिंटन दंपती के खिलाफ अवमानना की सिफारिश की थी, जिसमें कुछ डेमोक्रेट्स का भी साथ था। अवमानना पास होने पर उन्हें आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ सकता था।

# दिमाग के किसी खास हिस्से की देन नहीं बुद्धिमत्ता

## इसके पीछे पूरा ब्रेन नेटवर्क, रिसर्च में बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक नए अंतरराष्ट्रीय शोध में पाया गया है कि मानव बुद्धिमत्ता (इंटेलिजेंस) दिमाग के किसी एक खास हिस्से में सीमित नहीं होती, बल्कि यह पूरे मस्तिष्क की समन्वित कार्यप्रणाली का परिणाम है।

यह निष्कर्ष नेटवर्क न्यूरोसाइंस थ्योरी के समर्थन में सामने आया है, जो मानती है कि दिमाग के अलग-अलग हिस्सों के बीच तालमेल और अनुकूलन क्षमता ही बुद्धिमत्ता की असली पहचान है। यह शोध संकेत देता है कि बुद्धिमत्ता को समझने के लिए अब "दिमाग का कौन-सा हिस्सा" नहीं, बल्कि "दिमाग कैसे संगठित है", इस पर ध्यान देना होगा। यह अध्ययन अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नोट्रे डेम के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया और प्रतिष्ठित जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ। शोधकर्ताओं ने



ह्यूमन कनेक्टोम प्रोजेक्ट के तहत 831 वयस्कों के ब्रेन इमेजिंग और संज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) डाटा का विश्लेषण किया।

इसके अलावा 145 वयस्कों के एक स्वतंत्र समूह का भी अध्ययन किया गया ताकि निष्कर्षों की पुष्टि हो सके। दोनों डाटा सेट में समान परिणाम देखने को मिले, जिससे शोध की विश्वसनीयता मजबूत हुई।

अध्ययन के प्रमुख लेखक रैम्से विलकाक्स के अनुसार दिमाग एक नेटवर्क की तरह काम करता है, जहां दक्षता, लचीलापन और एकीकरण जैसे गुण अहम भूमिका निभाते हैं।

## कीमत : 2.53 लाख/किलो पर पहुंची, 4 लाख से गिरकर 2.4 लाख हो गई थी कीमत

# तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी 17 हजार बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज तेजी 3 फरवरी को तेजी है। वायदा बाजार (MCX) में चांदी के दाम में करीब 17 हजार रुपए (7%) की बढ़त है। 1 किलो चांदी का भाव 2.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

इससे पहले तीन दिनों में चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हो चुकी है। सोने में भी करीब 5 हजार रुपए (3%) की तेजी है। 10 ग्राम सोना 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। बीते 3 कारोबार दिन में इसकी कीमत 26 हजार कम हुई थी।

### सोने-चांदी में गिरावट की 2 वजह

**प्रॉफिट बुकिंग:** सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया।

**फिजिकल डिमांड में कमी:** ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, आज सर्राफा बाजार में चांदी 2,55,372 रुपए प्रति किलो बिक रही है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,50,708 रुपए है। बीते 3 दिनों मुनाफा वसूली के कारण सोने-चांदी की कीमत में गिरावट आई थी।

सेबी रजिस्टर्ड कमोडिटी एक्सपर्ट अनुज गुप्ता ने कहा



कि शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज (CME) ने कॉपर के बाद अब सोने और चांदी पर भी मार्जिन मनी बढ़ा दी है।

सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% कर दिया है। वहीं चांदी पर इसे 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। मार्जिन बढ़ने से कीमतों पर दबाव बने रहने की उम्मीद है।

कमोडिटी मार्केट में जब कोई बड़ा सौदा करता है, तो उसे पूरे पैसे तुरंत नहीं देने होते। उसे कुल कीमत का एक छोटा हिस्सा सिक्योरिटी के तौर पर जमा करना पड़ता है, जिसे 'मार्जिन' कहते हैं। मार्जिन बढ़ने का मतलब है कि अब ट्रेडर्स को ज्यादा पैसा लगाना पड़ेंगे।

कई ट्रेडर्स ऐसे होते हैं जिन्होंने पहले से खरीदारी की हुई है। मार्जिन बढ़ते ही एक्सचेंज उनसे एक्स्ट्रा पैसे मांगता है। अगर उनके पास तुरंत पैसा नहीं है, तो उन्हें अपना सोना या चांदी बेचना पड़ता है। जब बहुत सारे लोग एक साथ बेचते हैं, तो दाम गिरने लगते हैं।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 130 पैसे मजबूत हुआ

## 90.20 पर आया, यह 3 साल में सबसे बड़ी बढ़त

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रुपया मंगलवार (3 फरवरी) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.20 के स्तर पर पहुंच गया। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है।

इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5% तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2% की गिरावट दर्ज की गई थी।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FIIs) की लगातार निकासी ने रुपए पर दबाव बना रखा था। हालांकि, मंगलवार को रुपए ने वापसी करते हुए 91.49 के पिछले



क्लोज के मुकाबले 130 पैसे की मजबूती दर्ज की है। रुपए में आई इस तेजी के पीछे भारत और अमेरिका के बीच हुआ 'गिव एंड टेक' समझौता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर बताया कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और इसके बदले अमेरिका व वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसके अलावा, भारत ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख करोड़ रुपए) की एनर्जी, टेक्नोलॉजी और कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

**तमसा संकेत**

tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533

R.N.I. NO. 64107/96